दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 11 | अंक : 312 | टोंक | मंगलवार,30 जुलाई, 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष दशमी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## जम्मू-कश्मीर के बारामुल्ला जिले में स्क्रैप डीलर की दुकान में विस्फोट, चार लोगों की मौत



बढ़ता राजस्थान

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के बारामुल्ला जिले में स्क्रैप डीलर की दुकान में विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गयी है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने अधिकारियों के हवाले से बताया गया कि सोमवार को जम्मू-कश्मीर के बारामुल्ला जिले के सोपोर कस्बे में स्क्रैप डीलर की दुकान में हुए विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई। दुकान सोपोर के शेर कॉलोनी में स्थित थी। विस्फोट की वास्तविक प्रकृति की अभी पुष्टि नहीं हुई है, और अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंच गई है। अधिकारियों ने पीटीआई को बताया कि जब यह घटना हुई, तब कुछ लोग ट्रक से स्क्रैप उतार रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने बाद में दम तोड़ दिया। उन्होंने मृतकों की पहचान नजीर अहमद नादरू (40), आजिम अशरफ मीर (20), आदिल राशिद भट (23) और मोहम्मद अजहर (25) के रूप में की।

## हिमाचल में बादल फटा, 117 सड़कें बंद: UP में बेतवा, MP में नर्मदा उफान पर; गुजरात-राजस्थान में बहुत भारी बारिश की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में रविवार देर रात तेज बारिश हुई। चंडीगढ़-शिमला नेशनल हाईवे-5 पर पहाड़ दरकने से 1 शख्स की मौत हो गई, 3 घायल हो गए। किन्नौर जिले में बादल फटने के बाद तेज बारिश हुई। लोगों के घरों में पानी घुस गया। राज्य में अलग-अलग जगह लैंडस्लाइड के कारण 117 सड़कें बंद हैं। उधर उत्तर प्रदेश के ललितपुर में बारिश से बाढ़ जैसे हालात हैं। राजघाट बांध के 8 और माताटीला बांध के 20 गेट ??खोले गए हैं। इससे बेतवा नदी बाढ़ आ गई है और किनारे बसे गांवों में अलर्ट जारी किया गया है। मध्य प्रदेश में भी तेज बारिश का दौर जारी है। प्रदेश में अब तक सामान्य से 7त्न ज्यादा बारिश हो चुकी है। यहां नर्मदा नदी उफान पर हैं। कोलार, बरगी, सतपुड़ा समेत कई डैम के गेट खोलकर अतिरिक्त पानी छोड़ा जा रहा है। मौसम विभाग ने सोमवार 29 जुलाई को 15 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें 2 राज्यों में बहुत भारी और बाकी 13 में भारी बारिश का अलर्ट है।

## दिल्ली हाईकोर्ट बोला- रामदेव कोरोनिल का दावा वापस लें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार (29 जुलाई) को पतंजलि और बाबा रामदेव के खिलाफ डॉक्टरों की कई एसोसिएशन की तरफ से दाखिल याचिका पर फैसला सुनाया। जस्टिस अनूप भंभानी की बेंच ने बाबा रामदेव को आदेश दिया है कि रामदेव 3 दिन के अंदर टिप्पणी वापस लें, जिसमें उन्होंने कहा है कि पतंजलि आयुर्वेद की कोरोनिल सिर्फ इम्युनिटी बूस्टर नहीं, बल्कि कोविड-19 ठीक करने की दवा है। जस्टिस भंभानी ने कहा, मैंने पतंजलि, बाबा रामदेव और उनके प्रमोटरों को 3 दिनों में कुछ ट्वीट हटाने का निर्देश दिया है। यदि वे ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो सोशल मीडिया मीडिएटर इन ट्वीट को हटा देंगे। दरअसल, कोरोना महामारी के दौरान बाबा रामदेव ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद की कोरोनिल सिर्फ इम्युनिटी बूस्टर नहीं बल्कि कोविड-19 ठीक करने की दवा है। इसे लेकर डॉक्टरों की एसोसिएशन ने 2021 में बाबा रामदेव, उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ यह याचिका दाखिल की थी।

# टोडारायसिंह, मालपुरा में 65 करोड़ से बनेंगे 6 उच्च जलाशय:मालपुरा अस्पताल को जिला अस्पताल बनाया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक( का.स. )।** राजस्थान विधानसभा में सोमवार को बजट पास होने के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कई घोषणाएं की। इस दौरान टोंक जिले के लिए भी सौगातों की घोषणा की गई।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने टोंक जिले के लिए करोड़ों रुपयों की कई घोषणाएं की है। इनमें सबसे ज्यादा घोषणा जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के विधान सभा क्षेत्र टोडारायसिंह- मालपुरा में हुई है। मालपुरा के उप जिला अस्पताल को जिला अस्पताल का दर्जा दिया गया हैं। वहीं इसी विधानसभा क्षेत्र के टोडारायसिंह व मालपुरा कस्बे में 3-3 उच्च जलाशय बनाएं जाएंगे। इसके लिए सी एम भजनलाल शर्मा ने 65 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। उनियारा में भी अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायालय खोला है। इसके निवाई, देवली-उनियारा और टोंक में भी कुछ विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये देने की घोषणा की है। ष्टरूशर्मा ने 25 करोड़ 76 लाख रुपयों की लागत से उनियारा खुर्द से किशनपुरा वाया झाड़ली मनोहरपुरा टोंज जिला की सीमा तक (ओ डी आर-302) माईनिंग रोड (11.20 किमी) रोड बनाने की घोषणा की है। इसी तरह बीसलपुर रिहेब कॉलोनी टाटोनिया में सड़क निर्माण के लिए 50 करोड़ देने की घोषणा की है। देवली-उनियारा विधान सभा क्षेत्र की विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 19 करोड़ रुपये की घोषणा की है। निवाई विधानसभा क्षेत्र में बनवाड़ा वाया खणदेवत- डांगरथल- रम्भा-रामकिशनपुरा-जयकिरणपुरा सड़क का चौड़ाईकरण एवं सुदृढीकरण (25.7 KM ) के लिए 22 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। टोंक विधानसभा क्षेत्र में जिला मुख्यालय के पीजी कॉलेज का पुनर्निर्माण करने की एक मात्र घोषणा की है। इसके अलावा, युवाओं को उद्योग लगाने की योजना के तहत अब 2 करोड़ तक रियायती दर पर कर्ज दिया जाएगा। एम्स की तर्ज पर राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेंज( रिम्स) खोलने की घोषणा की। राशन का गेहूं पाने वाले परिवारों को भी 450 रुपए में सिलेंडर मिलेगा। एक



हजार करोड़ की लागत से 1000 ई-बसों की खरीद होगी।

### गांवों में अटल प्रगति पथ बनाया जाएगा

सीएम भजनलाल शर्मा ने घोषणा की है कि सरकार अब 500 की बजाय 1 हजार इलेक्ट्रिक बस खरीदेगी। बजट भाषण में 500 बस खरीदने की घोषणा की गई थी। इसके साथ ही 10 हजार से ज्यादा आबादी वाले गांवों में अटल प्रगति पथ बनाया जाएगा। सीएम ने बीकानेर और भरतपुर यूआईटी को विकास प्राधिकरण बनाने की घोषणा की है। इसके साथ ही द्रव्यवती नदी के सौंदर्यीकरण के लिए नई योजना बनाने की घोषणा की है।

### राशन का गेहूं पाने वाले परिवारों को मिलेगा 450 रुपए में मिलेगा सिलेंडर

अब राशन का गेहूं पाने वाले परिवारों को भी 450 रुपए में सिलेंडर मिलेगा। सीएम ने कहा- हम 450 रुपए में गैस सिलेंडर पाने वालों का दायरा बढ़ा रहे हैं। पहले उज्जवला योजना और बीपीएल परिवारों को ही 450 रुपए में सिलेंडर मिलता था। अब राशन का गेहूं लेने वाले परिवारों तक इस योजना को पहुंचाएंगे।
40 फीसदी अंक वाले दे सकेंगे कॉमन एंट्रेस टेस्ट
अब 40 फीसदी अंक लाने वाले भी सरकारी सेवाओं के लिए होने वाले कॉमन एंट्रेस टेस्ट दे सकेंगे।

## राजस्थान में विधायकों के वेतन-भत्ते हर साल बढ़ेंगे
# सीएम बोले-खाद्य सुरक्षा कानून के तहत आने वाले परिवारों को 450 रुपए में मिलेगा सिलेंडर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को विधानसभा में घोषणा की है कि अब खाद्य सुरक्षा कानून के तहत आने वाले परिवारों को भी 450 रुपए में सिलेंडर दिया जाएगा। इसके साथ ही विधायकों-पूर्व विधायकों के वेतन-भत्ते और पेंशन हर साल अपने आप बढ़ेंगे। 10 जुलाई को पेश हुआ राजस्थान का बजट आज विधानसभा में पास हो गया।चतुर्थ श्रेणी की भर्ती का इंतजार कर रहे लोगों को बड़ी राहत देते हुए सीएम ने घोषणा की है कि लंबे समय से अटकी हुई यह भर्ती सरकार नए नियमों के साथ फिर से शुरू करेगी। वहीं, अब कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (CET) में 40 फीसदी अंक लाने वाले अभ्यर्थी भी सरकारी सेवाओं के लिए होनी वाली भर्ती परीक्षाओं में शामिल हो सकेंगे। इसमें एससी और एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों को 35 प्रतिशत अंक लाने होंगे। प्रदेश में 70 से 75 साल के बुर्जुगों को पेंशन में 5 प्रतिशत अधिक भत्ता दिया जाएगा।

### सीएम ने कहा- सिलेंडर के लिए हम दायरा बढ़ा रहे हैं

अब राशन का गेहूं पाने वाले परिवारों को यानी नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट के तहत आने वाले



परिवार को भी 450 रुपए में सिलेंडर मिलेगा। सीएम ने कहा- हम 450 रुपए में गैस सिलेंडर पाने वालों का दायरा बढ़ा रहे हैं। पहले उज्जवला योजना और बीपीएल परिवारों को ही 450 रुपए में सिलेंडर मिलता था। अब राशन का गेहूं लेने वाले परिवारों तक इस योजना को पहुंचाएंगे।
मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि विधायकों और पूर्व विधायकों के वेतन-भत्ते और पेंशन हर साल अपने आप बढ़ जाएंगे। इन्हें बढ़ाने के लिए अब हर बार बिल नहीं लाना होगा। विधायकों के लिए विधानसभा के सामने बने फ्लेट्स पर रूफ टॉप सोलर प्लांट भी लगाया जाएगा।

### कांग्रेस सरकार ने केवल थोथी घोषणाएं की, थोथा चना, बाजे घणा

सीएम ने कहा- पिछली सरकार ने केवल थोथी घोषणाएं की। कहते थे कि आप मांगते-मांगते थक जाओगे, मैं देते-देते नहीं थकूंगा। पशुधन स्वास्थ्य बीमा की घोषणा की, लेकिन एक भी पशु का बीमा नहीं किया। राजसमंद-जालोर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा की थी, वहां बने क्या? डे केयर सेंटर खोलने की घोषणा की थी, कितने बने? सीएम ने कहा- इंदिरा गांधी का बचपन का नाम प्रियदर्शनी था, महिलाओं की योजना का नाम कहां से ढूंढकर लाए। एक परिवार के प्रति ऐसा समर्पण कहीं देखने को नहीं मिलेगा। सीएम ने कहा- कांग्रेस राज की घोषणाएं खूब हुईं, लेकिन कुछ नहीं किया। 1000 बसों की घोषणा की, वे आ गईं क्या कांग्रेस सरकार पर एक कहावत लागू होती है थोथा चना, बाजे घणा। सीएम ने कहा- देश के पीएम ने कहा था कि देश में चार जातियां हैं। युवा, महिला, किसान और गरीब। यह बजट इन चारों को आगे ले जाने वाला है। बजट को लेकर सदन में काफी कुछ कहा गया। यह बजट चहुंमुखी विकास करने वाला है। इन लोगों को तकलीफ इस बात से है कि विपक्ष के कुछ विधायकों ने भी खुले मन से तारीफ की।

## विदेश मंत्रियों की बैठक में बोले जयशंकर, बड़ी-बड़ी बातें करने का नहीं, व्यावहारिक परिणाम का है ये मंच

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि भारत में 1,400 जापानी व्यवसाय चल रहे हैं। हम इस संख्या को बढ़ते देखना चाहते हैं, हमने 2027 तक अ5 ट्रिलियन यानी 42 बिलियन का निवेश लक्ष्य रखा है। जापानी कंपनियों ने कई मायनों में भारत में ऑटोमोबाइल क्रांति को गति दी। यह साझेदारी मेट्रो के प्रसार के लिए कारण थी। हम अभी एक महत्वपूर्ण हाई-स्पीड रेलवे परियोजना में लगे हुए हैं और निश्चित रूप से सेमीकंडक्टर, एआई या ईवी और ग्रीन एनर्जी जैसी वैश्विक प्राथमिकताएँ हमारे साथ काम करने के लिए बहुत संभावनाएँ प्रदान करती हैं...ये आज द्विपक्षीय और क्वाड दोनों में हमारी बातचीत का केंद्र बिंदु हैं क्योंकि इनका बड़ा निहितार्थ है। हमारे व्यापारिक समुदायों के गहन नेटवर्किंग से हमारे प्रयासों को बल मिलेगा, जिसे हम बढ़ावा देना चाहेंगे। टोक्यो में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर ने कहा कि क्वाड लंबे समय तक टिकने, काम करने



और आगे बढ़ने के लिए है। क्वाड के सदस्य देशों के बीच सहयोग यह सुनिश्चित कर सकता है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र स्वतंत्र, खुला, स्थिर, सुरक्षित और समृद्ध बना रहे। राजनैतिक लोकतंत्र, बहुलवादी समाज और बाजार आधारित अर्थव्यवस्था होने के नाते क्वाड देशों पर अतिरिक्त महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। क्वाड बड़ी-बड़ी बातें करने का नहीं, बल्कि व्यावहारिक परिणाम उत्पन्न करने का मंच है। क्वाड विश्वसनीय साझेदारी और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का शानदार समकालीन उदाहरण है। क्वाड देश मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र, नियम-आधारित व्यवस्था और वैश्विक भलाई के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक कदम, शुरू हुआ विशेष लोक अदालत, सीजेआई ने की यह खास अपील

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों की संख्या कम करने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट ने अपनी पहली विशेष लोक अदालत शुरू की है। लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त तक लगेगी। लोक अदालत हर दिन दोपहर 2 बजे के बाद आयोजित की जाएगी और मामले की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट के दो न्यायाधीश, एक वरिष्ठ वकील और एक एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड होंगे।

इस मौके पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस पूरे हफ्ते सुप्रीम कोर्ट की 7 बेंचों द्वारा लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। आज हमारा अनुभव यह था कि यह एक ज़बरदस्त सफलता थी। लोक अदालत जिसमें बार, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों का सहयोग है और उच्च न्यायालयों, राज्य सरकारों और बीमा कंपनियों द्वारा व्यापक जमीनी काम किया गया है। सीजेआई ने आगे कहा कि विचार यह है कि छोटे-छोटे मामले निपटाए जाएं। लोगों को पता ही नहीं चलता कि सुप्रीम कोर्ट में छोटे-छोटे मामले कैसे आते हैं। इसलिए हमने सेवा विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, मोटर दुर्घटना दावा मामले, चेक अनादरण मामले से जुड़े मामलों को चुना।

# हरमनप्रीत सिंह के गोल से भारत और अर्जेंटीना का मैच ड्रॉ, 58वें मिनट में बची भारतीय टीम की लाज

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारत और अर्जेंटीना के बीच हॉकी का मुकाबला खेला गया। जहां फुल टाइम के बाद दोनों टीमों का स्कोर 1-1 से बराबर रहा। भारत ने 58वें मिनट में गोलकर स्कोर बराबर किया। आखिरी मिनट में भारत को एक मौका मिला, लेकिन अर्जेंटीना के खिलाड़ियों ने उसे सफल नहीं होने दिया। हॉकी के इतिहास में भारत ने अर्जेंटीना से दूसरी बार ड्रॉ खेला है। इससे पहले उसने 2004 में अर्जेंटीना से ड्रॉ खेला था।
बता दें कि, 58वें मिनट में हरमप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार गोल किया। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में 2 मिनट रहते हुए गोल कर टीम को जीत दिलाई थी। इस बार अपनी टीम को हारने से बचा लिया। पूल बी में भारत का तीसरा मुकाबला मंगलवार 30 जुलाई को शाम 4.45 बजे से आयरलैंड के खिलाफ होगा।

### 10 पेनल्टी कॉर्नर में सिर्फ 1 पर गोल

भारत ने पहले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-2 के अंतर से रोमांचक जीत हासिल की थी। एफआईएच वर्ल्ड रैंकिंग में भारत पांचवें और अर्जेंटीना छठे स्थान पर है। अर्जेंटीन ने 22वें मिनट में ही गोल कर मैच में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली थी। भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार प्रयास किए, लेकिन वह अर्जेंटीना की डिफेंस को भेद नहीं पा रहे थे। इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि 10 में से सिर्फ एक ही पेनल्टी कॉर्नर पर भारत गोल कर पाया।

टीम इंडिया के ग्रुप में न्यूजीलैंड और अर्जेंटीना के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम और आयरलैंड है। भारत 2 मैचों के बाद फिलहाल अंक तालिका में तीसरे स्थान पर



है। अर्जेंटीना की टीम चौथे नंबर पर काबिज है। बेल्जियम पहले और ऑस्ट्रेलिया दूसरे पायदान पर है। न्यूजीलैंड और आयरलैंड क्रमशः पांचवें और छठे नंबर पर है। ग्रुप से टॉप 4 टीमें क्वार्टर फाइनल में जाएंगी।



## सम्पादकीय

# तकरार की नीति, सत्ता पक्ष के खिलाफ ममता बनर्जी का कदम और संघीय मर्यादा

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कब, किस मामले में क्या कदम उठा लेंगी, कई बार समझना मुश्किल होता है। नीति आयोग की बैठक में शिरकत करने का उनका रवैया भी कुछ वैसा ही था। जब विपक्षी धड़े के मुख्यमंत्रियों ने उस बैठक के बहिष्कार का आह्वान किया, तब ममता बनर्जी ने संघीय तकाजे को ऊपर रखते हुए उसमें जाने की घोषणा कर दी। वे उस बैठक में गईं, मगर चलती बैठक से तमतमा कर बाहर निकल आईं। उनका कहना था कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री को बीस मिनट बोलने का समय दिया गया, अन्य मुख्यमंत्रियों को भी दस मिनट से अधिक बोलने दिया गया, मगर उन्हें पांच मिनट बाद ही बोलने से रोक दिया गया। उनका कहना है कि पश्चिम बंगाल के लिए वित्तीय आबंटन की मांग उठाने पर उनका माइक बंद कर दिया गया। इसे लेकर सत्तापक्ष उन पर हमलावर है। वित्तमंत्री ने सफाई दी है कि हर किसी के लिए समय निर्धारित था और उसी के हिसाब से उन्हें बोलने का मौका दिया गया; ममता बनर्जी का यह आरोप सरासर गलत है कि उनका माइक बंद कर दिया गया। जाहिर है, ममता बनर्जी इसे राज्य का अपमान बताते हुए अपने पक्ष में जनमत जुटाने का प्रयास करेंगी, पर खुद विपक्षी धड़ा इसे कितनी गंभीरता से लेगा, यह देखने की बात है। ममता बनर्जी का केंद्र सरकार के साथ टकराव किसी से छिपा नहीं है और न यह पहला मौका था जब वे किसी बैठक या सभा के बीच से उठ कर बाहर निकल आईं। मगर कई लोगों का यह सवाल बना हुआ है कि आखिर नीति आयोग की बैठक में शामिल होने का फैसला उन्होंने किस मकसद से किया। क्या वे इस मौके का इस्तेमाल पश्चिम बंगाल के लिए वित्तीय आबंटन की मांग उठाने के लिए करना चाहती थीं, या सचमुच नीतियों के निर्माण में संघीय उत्तरदायित्व पूरा करने के नेक इरादे से गईं।

अगर सचमुच उन्हें संघीय मर्यादा की परवाह थी, तो इस तरह वे बीच बैठक से नाराज होकर निकली क्यों? फिर यह ढिंढोरा क्यों कि वे विपक्ष की तरफ से अकेले बैठक में शामिल हुईं। अगर उन्हें विपक्ष की परवाह होती, तो वे उसकी बहिष्कार की अपील को इस तरह ठुकरातीं नहीं। उनके बैठक में जाने के बाद से ही कयास लगाए जाने लगे थे कि विपक्ष में टूट शुरू हो चुकी है। पहले ही उनके अनिश्चित रुख की वजह से विपक्ष की लड़ाई कमजोर हुई है और गठबंधन को कई बार असहज स्थितियों का सामना करना पड़ा है। जब विपक्षी गठबंधन बना था तब ममता बनर्जी ने बड़े जोशो-खरोश के साथ उसमें भागीदारी की थी, फिर वे कांग्रेस की आलोचना करने लगीं। आम चुनाव से पहले जब सीटों की साझेदारी को लेकर बातचीत चलनी शुरू हुई, तो उन्होंने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। उनके ऐसे अनिश्चित व्यवहार से विपक्षी गठबंधन खुद आश्वस्त नहीं रहता कि वे उसमें शामिल रहेंगी भी या किसी मोड़ पर साथ छोड़ जाएंगी। निश्चित रूप से उनके इस बदलते मिजाज का असर उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के मनोबल पर भी पड़ता होगा।

# मौत बांटते असुरक्षित कोचिंग सैंटर, पीजी और हॉस्टल

**राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर के कोचिंग सैंटर में हुए हादसे में तीन छात्रों नेविन डोल्विन, तान्य सोनी और श्रेया यादव की दुखद मौत ने अनेक सवालों को खड़ा किया है। केरल का रहने वाला नेविन आईएएस की तैयारी कर रहा था और वह जेएनयू से पीएचडी भी कर रहा था। उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव ने अभी एक महीना पहले ही इस कोचिंग सैंटर में दाखिला लिया था। कोचिंग सैंटर के बेसमेंट में लाइब्रेरी चल रही थी जहां 150 छात्रों के बैठने की व्यवस्था थी। हादसे के वक्त 35 छात्र मौजूद थे। चंद मिनटों में ही बेसमेंट में पानी भर गया। सिर्फ इसी सैंटर में नहीं, बल्कि लगभग सभी शैक्षणिक कोचिंग सैंटर के बेसमेंट में लाइब्रेरी बनाई गई है। जिसके गेट बायोमेट्रिक आईडी से खुलते हैं, जैसे ही बारिश होती है, बिजली चली जाती है, उसके बाद बेसमेंट से निकलना बिना बायोमैट्रिक आईडेंटिफिकेशन के मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में हादसे और मौत की संभावना बढ़ जाती है।**

ललित गर्ग




दिल्ली में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने वाले एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत-हादसे ने समूचे राष्ट्र को दु:खी एवं आहत किया है, यह हादसा नहीं, बल्कि मानव जनित त्रासदी है, लापरवाही एवं लोभ की पराकाष्ठा है। इस त्रासदी की जड़ में है घोर दोषग्रस्त कोचिंग प्रणाली और व्यवस्था की जड़ों में समा गया बेलगाम भ्रष्टाचार। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कोचिंग संस्थान के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, क्योंकि दिल्ली नगर निगम के उन कर्मचारियों और अधिकारियों को क्यों नहीं गिरफ्तार किया गया जो सब कुछ जानते-बूझते हुए इस संस्थान को बेसमेंट में लाइब्रेरी चलाने की सुविधा प्रदान किए हुए थे। इस दु:खद एवं पीड़ादायक घटना ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। जिसकी कीमत निर्दोषों को अपनी जान गंवा का चुकानी पड़ रही है। निश्चित ही देशभर में कुकुरमुत्तों की तरह उग आए कोचिंग सैंटर डैथ सैंटर बन चुके हैं। कोचिंग सैंटरों का कारोबार शासन के दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाकर चल रहे हैं। छात्रों को सुनहरी भविष्य का सपना दिखा कर मौत बांटी जा रही है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में तीव्रता से व्याप्त है, अनेक हादसों एवं जानमाल की हानि के बावजूद भ्रष्ट हो चुकी मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं होता। प्रश्न है कि सैंटर के मालिक को तो गिरफ्तार कर लिया लेकिन ऐसी घटनाओं के दोषी अधिकारी क्यों नहीं गिरफ्तार होते? ओल्ड राजेंद्र नगर के न सिर्फ कोचिंग सैंटर बल्कि पीजी और हॉस्टल की असुरक्षित हालत भी मौत लिये किसी भी क्षण बड़े हादसे की संभावना के साथ खड़ी है। जहां इस कदर अवैध निर्माण है कि कभी भी दूसरा या दोबारा हादसा हो सकता है। इसलिये ऐसे हादसों की जांच से काम नहीं चलने वाला।

विडम्बनापूर्ण है ऐसे जलभराव एवं आगजनी के हादसों से सबक नहीं लिया जाता। यह प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है। राजधानी में रह-रह कर एक के बाद एक हो रहे हादसों के बावजूद दिल्ली-सरकार की नींद नहीं खुल रही है। हाल ही में गुजरात के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें हो या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगना और अब कोचिंग सैंटर में तीन होनहार एवं देश के भविष्य बच्चों का दर्दनाक तरीके से डूबकर मर जाना-निश्चित रूप से ये हादसे प्रशासनिक लापरवाही की उपज हैं, यही कारण है कि सिस्टम में खामियों और ऐसी आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा भी व्यापक स्तर की जा रही है। यह याद रखने योग्य है कि नियमित अंतराल पर मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू की अनदेखी से ऐसी गंभीर घटनाएं होने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही कम होती नहीं दिख रही है। इन त्रासद हादसों ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए। परिवार वालों ने और छात्रों ने स्वर्णिम भविष्य के सपने संजो कर और लाखों की फीस देकर कोचिंग शुरू की होगी लेकिन उन्हें नहीं पता था कि उन्हें इस तरह मौत मिलेगी। छात्रों की मौत को महज हादसा नहीं माना जा सकता, यह एक तरह से निर्मम हत्या है और हत्यारा है हमारा सिस्टम। हादसे से आक्रोशित छात्रों का कहना है कि वे 10-12 दिन से दिल्ली नगर निगम से कह रहे हैं कि ड्रेनेज सिस्टम की सफाई कारवाई जाए लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। हादसे तभी होते हैं जब नियमों और कानूनों को ताक पर रखा जाता है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलते ऐसे हादसे होते हैं जिनमें भ्रष्टाचार पसरा होता है, जब अफसरशाह लापरवाही करते हैं, जब स्वार्थ एवं धनलोलुपता में मूल्य बौने हो जाते हैं और नियमों और कायदे-कानूनों का उल्लंघन होता है। जलभराव क्यों और कैसे हुआ, यह तो जांच का विषय है ही लेकिन इन शैक्षणिक एवं व्यावसायिक इकाइयों को उसके मालिकों ने मौत का कुआं बना रखा था। आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वही सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है? सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है। हर दुर्घटना में गलती भ्रष्ट आदमी यानी अधिकारी एवं व्यवसायी की ही होती है, लेकिन दुर्घटना होने के बाद ही उन पर कार्रवाई क्यों होती है? सरकार पहले क्यों नहीं जागती? वैसे तो बेसमेंट में कोचिंग सैन्टर या लाइब्रेरी चलाना गैर-कानूनी है, इस घटना के सन्दर्भ जब बेसमेंट में स्टोर या पार्किंग की अनुमति दी गई थी तो वहां लाइब्रेरी कैसे चलने लगी? स्पष्ट है कि कोचिंग संचालकों और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से ऐसा हो रहा होगा। जलभराव के कारण पानी जब बेसमेंट में घुसा तब लाइब्रेरी में 30-35 छात्र थे। यह तो गनीमत रही कि तीन अभागे छात्रों को छोड़कर बाकी सब जैसे-तैसे निकल आए। इस इलाके में बरसात में हर समय जलभराव होता है, लेकिन किसी ने उसकी सुध नहीं ली। इसका कोई विशेष औचित्य नहीं कि एमसीडी ने एक जांच समिति गठित करने की बात कही है। जांच के नाम पर लीपापोती होने की ही आशंका अधिक है। दिल्ली की घटना इसकी परिचायक है कि जिन पर भी शहरी ढांचे की देखरेख करने और उसे संवारने की जिम्मेदारी है, वे अपना काम सही से करने के लिए तैयार नहीं। यही कारण है कि देश की राजधानी के साथ-साथ अन्य महानगरों का भी शहरी ढांचा बुरी तरह चरमरा गया है। बात हम नया भारत एवं विकसित भारत की करते हैं, लेकिन हमारी व्यवस्थाएं अभी वैसी नहीं बनी है और हम अनियंत्रित एवं असुरक्षित विकास करते जा रहे हैं। मुंबई हो, दिल्ली हो, चैन्नई या बेंगलुरु या ऐसे ही अन्य बड़े शहर -हर कहीं अनियोजित विकास और शहरी निर्माण संबंधी नियम-कानूनों के खुले उल्लंघन के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थिति यह है कि सरकारी भवनों तक में सुरक्षा के उपायों की अनदेखी होती है। दिल्ली के इनकम टैक्स भवन में आग से एक अधिकारी की जान हाल में गयी। कहने को तो अपने देश में हर तरह के नियम-कानून हैं, लेकिन वे कागजों पर ही अधिक हैं या निर्दोषों को परेशानी करने के लिये है। औसत जनप्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारी पैसे बनाने के फेर में रहते हैं और अनियोजित विकास को रोकने के बजाय उसे बढ़ावा देने का काम करते हैं। सब चलता है वाली प्रवृत्ति इस तरह अपनी जड़ें जमा चुकी है कि व्यवस्था की परवाह करना ही छोड़ दिया गया है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि शहरी विकास के बड़े-बड़े दावे करने और उन्हें संवारने की तमाम योजनाएं बनाने के बावजूद देश के शहर दुर्दशाग्रस्त एवं असुरक्षित हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल दिन नहीं है। जिद्दी स्वभाव के कारण किसी के साथ मतभेद हो सकता है। अपनी मीठी वाणी से आप किसी को भी आकर्षित कर सकेंगे। आपके परिवार में शांति बनी रहेगी। वित्तीय लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

### वृष
आपकी प्रतिष्ठा को कलंक लगने या आर्थिक नुकसान होने की संभावना है। आज आपको लाभ होने की संभावना है, परंतु आपका मनोबल स्पष्ट न हो, तो मिला हुआ अवसर भी खो सकते हैं। मित्रों से मिलकर लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

### मिथुन
आज आप नए काम आसानी से शुरू कर सकेंगे, परंतु आपके विचारों में स्पष्टता न होने से उलझन बढ़ने की आशंका है। व्यापार में प्रतियोगी को पछाड़ना मुश्किल होगा। दोस्तों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे और उनसे लाभ होगा।

### कर्क
पार्टनरशिप के काम से लाभ हो सकता है। जीवन साथी के साथ सम्बंध प्रगाढ़ होंगे। मान- सम्मान बढ़ेगा। व्यापार-धंधे में वृद्धि होगी। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायक होगा। आर्थिक कामकाज अच्छी तरह पूरा कर सकेंगे। परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी।

### सिंह
ताजगी का अनुभव कर सकेंगे। अच्छे कपड़े और आभूषण खरीदने का योग बन रहा है। वैवाहिक जीवन में संतोष और शांति प्राप्त कर सकेंगे। वित्तीय लाभ और योजनाओं को पूरा करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

### कन्या
आप अपने बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। घर में शुभ प्रसंग का आयोजन होगा। व्यापार में अच्छी सफलता प्राप्त कर सकेंगे। नए काम शुरू करने के लिए आपने जो योजनाएं बनाई है, उसे आसानी से पूरी कर सकेंगे। ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा।

### तुला
आपका स्वास्थ्य खराब होगा। संतान का स्वास्थ्य चिंता में डालेंगे। साहित्य में रुचि रखनेवाले बौद्धिक लोगों से मिलकर ज्ञान की चर्चा में समय व्यतीत होगा। आपके साथ काम करने वाले तथा अधीनस्थ कर्मचारी का सहयोग आपको प्राप्त होगा।

### वृश्चिक
आपको खर्च पर काबू रखना होगा। परिवार में लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। किसी उलझन के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेने की सलाह दी जाती है। स्वास्थ्य के प्रति सजग ना रहने पर स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### धनु
आज सावधानीपूर्वक आगे बढ़े और महत्वपूर्ण काम आज हाथ में न लें, तो अच्छा होगा। उग्र स्वभाव और खराब व्यवहार के कारण आप तकलीफ में आ सकते हैं। आपको समय से भोजन नहीं मिलने की आशंका बनी रहेगी।

### मकर
प्रवास, मनोरंजन, मित्रों के साथ मुलाकात, स्वादिष्ट भोजन और सुखद चीजों की खरीदारी आपको अधिक आनंदित करेगी। विदेश गमन होगा और वहां रहने वाले अपनों का समाचार प्राप्त कर सकेंगे।

### कुंभ
पिता के साथ निकटता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। सरकारी कामकाज में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन में मेल और शांति रहेगी। पैसे की वसूली या व्यापार के उद्देश्य से यात्रा करने की संभावना है।

### मीन
नए काम की शुरुआत आप कर पाएंगे। किसी लंबे सफर पर या किसी धार्मिक यात्रा पर जाना हो सकता है। विदेश गमन और विदेश स्थित आपके रिश्तेदार या दोस्तों से बातचीत की संभावना है। आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

## शख्सियत

**जीवन में सरलता व सहजता से बेहतरीन कुछ भी नहीं हम यदि सरल हैं तो हमारे जीवन में आने वाली कठनाईयां भी हमें सरल नजर आऐंगी क्योंकि जीवन एक दर्पण ही तो है हम जैसा बनेगें वैसे ही नजर आऐंगे........**



डॉ. आदित्येन्द्र विजय
(होम्योपैथी फिजिशियन)

नमस्कार मित्रों हमारी आज की शख्सितय हैं डॉ. आदित्येन्द्र विजय जोकि होम्योपैथी फिजिशियन हैं। अपने सरल और सहज स्वभाव के कारण जाने जाते हैं। बहुत बेहतरीन तरीके से मरीजों व उनके परिजनों से विचार सांझा कर उनका उपचार करना इनका व्यक्तित्व है। इनका जन्म सन 1978 में जयपुर में हुआ। पढ़ाई में शुरू से ही अव्वल रहे हैं डॉ.आदित्येंद्र। सेकेंडरी तक सेंट्रल पब्लिक स्कूल स्कीम नंबर-2 में पढा । 10 वी क्लास में अपने स्कूल में टॉप किया। 11-12 में न्यू हायर सेकेंडरी सरकारी स्कूल में पढ़े। 12 वी के बाद प्री होम्योपैथिक टेस्ट एग्जाम के जरिए होम्योपैथी में सलेक्शन हुआ। राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर के अंतर्गत युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज अलवर से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। जिसमें भी सेकंड और थर्ड ईयर में अपने कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 2004 में इंटर्नशिप खत्म होते ही चिकित्सा व्यवसाय में कदम रखा। 2004 से ही अपना क्लीनिक डाटा आर्केड, तेज मंडी, स्टेशन रोड में शुरू किया और पिछले 20 वर्षों से लगातार कार्यरत हैं। मेडिकल की पढ़ाई के साथ ही योग और नेचुरोपैथी में डिप्लोमा कोर्स किया।कोविड के दौरान कई संस्थानों में नि:शुल्क प्रीवेंटिव होम्योपैथिक दवा का वितरण किया। पिछले 20 वर्षों में हजारों जटिल एवं लाईलाज रोगियों के रोग निवारण में चिकित्सा सेवा की। चिकित्सा कार्य के साथ-साथ 2008 से युवराज प्रताप सिंह होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज अलवर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। पिछले 10 वर्षों से गायत्री परिवार के साथ जुड़कर विभिन्न सामाजिक कार्यों में सहयोग कर रहे हैं। गायत्री परिवार की तरफसे अलवर सेंट्रल जेल में बंदियों को विभिन्न रोगों के होम्योपैथिक उपचार देने के लिए निशुल्क चिकित्सा कैंप के लिए 15 दिन में एक बार अलवर सेंट्रल जेल जाने का कार्य भी इन्होनें गायत्री परिवार से जुडे विजय गुप्ता जी के साथ काफी समय तक किया है। गायत्री परिवार के कार्यक्रमों में एक विशेष कार्यक्रम नशा मुक्ति शिविर में माह में दो रविवार शहर की विभिन्न कॉलोनी में नशा मुक्ति शिविर लगाकर लोगों को नशे से मुक्त करने के लिए जागृत करने और होम्योपैथिक दवाओं के सहयोग से नशा छुड़वाने का काम भी किया है। अपनी क्लीनिक पर भी आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को निशुल्क दवा देने का काम अनवरत जारी है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिन्द**

## आज का इतिहास

### 30 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- इंडोनेशिया में नीदरलैंड का राजनैतिक एंव साम्राज्यवादी प्रभाव 1602 में आरंभ हुआ।
- मैरीलैंड में बाल्टीमोर शहर की स्थापना 1729 में हुई।
- माल्दन द्वीप की खोज 1825 को हुई।
- अमेरिका के हवाई में अंग्रेजी भाषा का पहला अखबार 1836 में प्रकाशित हुआ।
- राइट भाईयों ने 1909 में सेना के लिए पहला विमान बनाया था।
- एनबीसी रेडियो पर देथ वैली डेज का पहला प्रसारण 1930 को हुआ।
- अमेरिका के लास एंजिल्स में दसवें आधुनिक ओलंपिक खेल की शुरुआत 1932 में हुई।
- जर्मन की सेना ने 1942 में बेलारूस के मिंस्क में 25000 यहूदियों की हत्या की।
- एक्सपोर्ट रिस्क इंस्योरेंस कोर्पोरेशन आफ इंडिया (प्राइवेट) लिमिटेड की स्थापना 1957 में हुई।
- फुटबॉल का विश्वकप 1930 में शुरू हुआ था और इंग्लैंड ने इसे 1966 में पहली बार जीता।
- वनूआटो देश को 1980 में स्वतंत्रता मिली।
- चिली ने 1989 को अपने संविधान में संशोधन किया।
- तीन बार लगातार फ्रांस का भ्रमण करने वाले लांस अर्मस्ट्रांग 2000 में पहले अमेरिकी बनें।
- संयुक्त राष्ट्र ने 2000 में इस्रायल द्वारा ख़ाली किये क्षेत्रों में शांति सेना की तैनाती प्रारम्भ की।
- श्रीलंका सरकार ने 2001 में मुक्ति चीतों पर से प्रतिबंध हटाने से इन्कार किया।
- कनाडा ने 2002 में अलकायदा सहित सात संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया।
- पाकिस्तानी प्रधानमंत्री (मनोनीत) शौकत अजीत 2004 में हुए आत्मघाती हमले में बाल-बाल बचे।
- हालीवुड अभिनेत्री पामेला एडंरसन ने 2006 में गायक किड रॉक से विवाह किया।
- चीनी वैज्ञानिकों ने 2007 में झेंगझाऊ में लगभग 50 लाख साल पुरानी चट्टानों की खोज की।
- नेपाल के कार्यवाहक प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला को 2008 में कोलम्बो में आयोजित सार्क शिखर सम्मेलन में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने की अनुमति मिली।
- सायना नेहवाल (बैडमिंटन) को 2010 में राजीव गांधी खेल रत्न तथा सुनील छेत्री (फुटबॉल), झूलन गोस्वामी (क्रिकेट), राजीव तोमर (कुश्ती), संदीप सिंह (हॉकी) सहित 15 खिलाड़ियों को 29 अगस्त को अर्जुन पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई।
- पश्चिम कांगो में 2010 में स्थित बाडुडु प्रांत में बहनेवाली कांगो नदी की शाखा कसाई नदी में एक नौका दुर्घटना में 140 से अधिक लोग डूब गए।
- भारत में पावर ग्रिड की बड़ी खराबी के कारण 2012 में 30 करोड़ लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ा था।
- आंध प्रदेश में 2012 को एक रेलगाड़ी में आग लग जाने से 32 लोगों की मौत हुई और 27 घायल हुए।

## विशेष आलेख

# चीन की रातों की नींद उड़ी हुई है क्योंकि दुनिया की बड़ी कंपनियां चीन का विकल्प तलाश करने में जुटी हुई हैं

अशोक भाटिया।



मोदी 3 .0 का पहला बजट देश और दुनिया के सामने जबसे आया है तब से इस बजट को देखकर चीन की रातों की नींद उड़ी हुई है। इस बजट में चूँकि केंद्र सरकार ने कॉरपोरेट टैक्स में बड़ी कटौती की है। जिससे कारण विदेशी कंपनियों को भारत में पैसा लगाने या यूं कहें निवेश करने में मदद मिलेगी। साथ ही भारत को दुनिया की सबसे बड़ी फैक्ट्री बनाने में यह फैसला काफी योगदान कर सकता है। वास्तव में सरकार ने ये फैसला विदेशी कंपनियों को रिझाने के लिए लिया है। ताकि वो चीन को छोड़ भारत में ज्यादा निवेश करें। साथ ही ग्लोबल सप्लाई चेन चीन से शिफ्ट होकर भारत से जुड़ जाए। उम्मीद की जा रही है कि ये बजट सरकार के 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के टारगेट को हासिल करने में काफी मददगार साबित हो सकता है। साथ ही विदेशी कंपनियों के लिए टैक्स कटौती से इस प्रयास में काफी मदद मिल सकती है। यह बजट भारत को ग्लोबल इकोनॉमिक प्लेयर बनने में मदद करेगा, जिसमें एफडीआई को आकर्षित करने पर जोर दिया गया है। खुद को ग्लोबल फैक्ट्री या यूं कहें कि ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के रूप में स्थापित करके, भारत न केवल अपने लोकल मार्केट्स के लिए उत्पादन करना चाहता है बल्कि दुनिया के लिए भी प्रोडक्शन करना चाहता है। सीतारमण ने इस वित्त वर्ष के लिए बजट की घोषणा करते हुए कहा कि देश की जरुरत के हिसाब से विदेशी पूंजी को आकर्षित करने के लिए मैं विदेशी कंपनियों पर कॉपोरेट टैक्स को 40 फीसदी से घटाकर 35 फीसदी करने का प्रस्ताव करती हूं।

बजट में विदेशी कंपनी की इनकम (विशेष दरों पर लगने वाली आय के अलावा) पर लगने वाले टैक्स की दर को 40 फीसदी से घटाकर 35 फीसदी करने का प्रस्ताव किया गया है। हिंदुजा ग्रुप ऑफ कंपनीज (इंडिया) के चेयरमैन अशोक हिंदुजा ने मीडिया रिपोर्ट में कहा कि टैक्सेशन में कुछ बदलावों की घोषणा की गई है, जिस पर विस्तार से अध्ययन की जरूरत है, जबकि विदेशी कंपनियों पर टैक्स में कमी के साथ एफडीआई के ज्यादा आने की उम्मीद है।खेतान एंड कंपनी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डायरेक्ट टैक्स विनीता कृष्णन ने कहा टैक्स कटौती के साथ, विदेशी कंपनियों पर लगने वाला हाईएस्ट टैक्स 43 ।7 फीसदी से घटकर लगभग 38 फीसदी हो गया है। कृष्णन ने कहा, यह टैक्स कटौती भारत में मौजूद विदेशी कंपनियों, जैसे बैंक ब्रांचेस और इंफ्रा कंपनियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है। जब पूरी दुनिया की नजर दक्षिण एशिया पर टिकी हुई है। साथ ही दुनिया की बड़ी कंपनियां चीन का विकल्प तलाश करने में जुटी हुई हैं। ऐसे में भारत अपने आपको दुनिया के सामने चीन का ऑप्शन बताने का प्रयास कर रहा है। सरकार का लक्ष्य अगले सात सालों में सालाना 110 अरब डॉलर का एफडीआई आकर्षित करना है, जबकि पिछले पांच वर्षों में यह औसतन 70 अरब डॉलर से अधिक है। बजट में अधिक विदेशी धन आकर्षित करने, प्राथमिकता तय करने और विदेशी निवेश के लिए करेंसी के रूप में भारतीय रुपए का उपयोग करने के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एफडीआई के लिए रूल्स और रेगुलेशन को आसान बनाने का प्रयास किया गया है।मेक इन इंडिया, इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर डेवलपमेंट प्रोग्राम, पीएलआई, भारत सेमीकंडक्टर मिशन और नेशनल लॉजिस्टिक पॉलिसी जैसे इनिशिएटिव ने विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने में काफी अहम योगदान दिया है। भारत ने मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के रूप में अपनी महत्ता को पूरी दुनिया के सामने रखने की पूरी कोशिश की है। यही वजह है कि इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव और इंजीनियरिंग सेक्टर के कई प्लेयर्स ने भारत में निवेश करने का ऐलान किया है। एनए शाह एसोसिएट्स के पार्टनर धवल सेलवाडिया ने मीडिया रिपोर्ट में कहा कि इस कदम (विदेशी कंपनियों पर कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती) का प्रमुख उद्देश्य भारत को विदेशी निवेशकों के लिए बेहतर डेस्टिनेशन बनाना है। ताकि भारत में ज्यादा से ज्यादा निवेश आने से जॉब क्रिएट हों। कम टैक्स से भारत को दूसरे उभरते बाजारों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और अधिक व्यापार-अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। भारत ने हाल ही में एपल और फॉक्सकॉन से लेकर विनफास्ट और स्टेलेंटिस जैसी कई कंपनियों को भारत में अपनी निवेश घोषणाओं को करने के लिए मजबूर किया है। वहीं दूसरी ओर टेस्ला और दुनिया की बाकी बड़ी कंपनियों को भी रिझाने का प्रयास कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर इन कंपनियों को भी पता है कि मौजूदा समय में भारत ही चीन का दूसरा सबसे बड़ा विकल्प है। जहां पर आबादी के साथ-साथ खर्च करने की क्षमता भी है। इसे एक उदाहरण से समझने की कोशिश करते हैं। फॉक्सकॉन भारत में निवेश और व्यापार साझेदारी को दोगुना कर रहा है। कंपनी अब चीन से बाहर अपनी सप्लाई चेन को बढ़ाने के बारे में सोच रही है। जिसके लिए कंपनी ने इस साल की शुरुआत में चेन्नई इंडस्ट्रियल पार्क में लगभग 550,000 वर्ग फुट वेयरहाउसिंग की जगह 10 साल के लिए लीज पर ली है। इसे एपल प्रोडक्ट्स के लिए निर्माण के लिए भारत में सबसे बड़ी यूनिट में से एक कहा जा सकता है। बजट से पहले आए हुए इकोनॉमिक सर्वे में भी इस बात का जिक्र किया गया था कि भारत अपने आपको चीन के विकल्प के रूप में तैयार करने में जुट गया है। जिसकी वजह से वह ग्लोबल कंपनियों को भारत आने के लिए आमंत्रित कर रहा है। सरकार ने भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के रूप में स्थापित करने के लिए जो महत्वाकांक्षी योजना की रूपरेखा तैयार की है, उससे रोजगार के कई अवसर पैदा होंगे। विदेशी कंपनियों के लिए हालिया कर कटौती से इस सपने को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। विदेशी कंपनियों के लिए कर में कटौती भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जून में रिपोर्ट किए जाने के बाद हुई है कि एशियाई राष्ट्र में शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) का प्रवाह पिछले वित्तीय वर्ष में 62 फीसदी गिरकर 2007 के बाद सबसे निचले स्तर पर आ गया है। भारत का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ग्रोथ की ओर है और दुनिया तेजी से चीन+1 पॉलिसी के साथ आगे बढ़ रही है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इसका फायदा उठाने और भारत को एक ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के रूप में विकसित करने के लिए, सरकार को पीएलआई योजना, कम कॉर्पोरेट में कटौती, कस्टम ड्यूटी पर एक ब्रॉडर और फ्लेक्सिबल रुख अपनाने की जरुरत है।वहीं दूसरी ओर बजट ने लोकल कंपनियों के कॉरपोरेट टैक्स में कोई बदलाव नहीं और 22 फीसदी ही रखा है। कॉरपोरेट रेट में कटौती की मांग कंपनियों की ओर से लगातार की गई है। ताकि निवेश को बढ़ावा मिले और जॉब के अवसर पैदा हों। हालांकि, कॉर्पोरेट रेट में कटौती से देश के खजाने पर ऐसे समय में असर पड़ा होगा जब सरकार 2025-26 तक बजट घाटे को जीडीपी के 4 ।5 फीसदी से नीचे लाना चाहती है।

# एक दिवसीय महिला कृषक प्रशिक्षण शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा उपखण्ड के चैनवुरा ग्राम पंचायत के चौसला गांव की कुशल वाटिका में जैविक पद्धति से की गई के लाभ बताने के लिए सिकोई डिकोन संस्था द्वारा एक दिवसीय महिला कृषको के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित महिला किसानो के प्रशिक्षण शिविर में मौजुद किसानो को जैविक पद्धति से की गई खेती के लाभ बताते हुए किसानो से नवीनतम एवं उन्नत तकनीक से खेती कर अपनी आजिविका में वृद्धि करने के लिए स्मार्ट फार्म, पोषण वाटिका, किचन गार्डन के माध्यम से खेती कर अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। दक्ष प्रशिक्षण अनिल भडानी ने मालपुरा ब्लाक के चौसला गांव के कुशल वाटिका में देशी दवाई बनाकर खेतो में देने का प्रशिक्षण दिया। शाखा प्रभारी विवेक त्रिपाठी ने रासायनिक खाद के उपयोग से होने वाले नुकसान व जैविक खाद से बढ़ने वाली भूमि की उत्पादन क्षमता बढ़ाने, खरीफ फसलो के साथ फलदार पौधे , सब्जीयो के पौधे लगाने तथा इन पौधो में लगने वाले कीट व रोग के बारे में जानकारी देकर इनके रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया। किसान सेवा समिति अध्यक्ष जगदीश शर्मा, सह सचिव प्रभू सिंह ग्राम विकास समिति अध्यक्ष भेंरूलाल बस्सी ने भी किसानो को आवश्यक जानकारी दी। तकनीकी समन्वयक मोहन मीणा ने फलदार पौधो के रोपण की विधि बताई। समन्वयक सत्यनारायण योगी ने बताया कि प्रशिक्षण में आसपास के ढाण ढाणियो के चालीस किसानो ने भाग लिया।



# पांचवीं पदयात्रा ओम नमो शिवाय के जयकारो एवं ध्वजपूजन के साथ रवाना

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** कस्बे में श्री बद्री विशाल पदयात्रा संघ के तत्वावधान में सोमवार को द्वादश ज्योतिर्लिंग घुश्मेश्वर महादेव शिवाड़ के लिए पांचवीं पदयात्रा ओम नमो शिवाय के जयकारो एवं ध्वजपूजन के साथ रवाना हुई। पदयात्रियों द्वारा घुश्मेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर खुशहाली की कामना के साथ धर्मध्वज चढ़ाया जाएगा। अच्छी बारिश, क्षेत्र की खुशहाली और शांति की कामना के साथ आयोजित पदयात्रा में श्रद्धालुओ का सैलाब उमड़ पड़ा। सोमवार की सुबह श्री बद्री विशाल के मंदिर पर पारंपरिक तरीके से पदयात्रा समिति के पदाधिकारियों ने संतगणों और अतिथियों की मौजूदगी में ध्वजपूजन किया और उसके बाद पदयात्रा आगे बढ़ी। इस दौरान कस्बे में विभिन्न स्थानों पर पदयात्रा का स्वागत कर फलाहार और जलपान कराया गया। हर-हर महादेव और बम-बम-भोले के जयकारों के साथ भजनो की स्वर लहरियों के बीच श्री घुश्मेश्वर महादेव के दर्शनों के लिए पदयात्रा रवाना हुई। पदयात्रा में महिलाएं रंग बिरंगे वस्त्र पहन कर मगंल गीत गाती एवं भगवान के जयकारे लगाती हुई चल रही थी।

शिवाड़ में विराजित भगवान श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग घुश्मेश्वर महादेव के दर्शनों को आतुर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पदयात्रा में शामिल होकर रवाना हुए। इस दौरान भजन संध्या में कलाकारों ने मंदिर में शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा आराध्य देव भगवान शिव को रिझाने वाले कई भजनों की प्रस्तुति देकर श्रदालुओ को झूमने पर मजबूर कर दिया। रिमझिम बरसात के बीच भीगते हुए शिवभक्त शिवाड़ पहुंचे। शिवाड़ धाम पहुंचने पर मंदिर में परंपरागत रूप से झंडा चढ़ाने की रस्म के साथ यात्रा का समापन होगा।

# भक्ति से मानव परहित व परोपकार भी कर सकते है : विज्ञाश्री

## विज्ञातीर्थ गुंसी में चातुर्मास के लिए स्थापित हुए 117 मंगल कलश

बढ़ता राजस्थान



**निवाई/गुन्सी ( नि.स. )।** गांव गुन्सी में स्थित सहस्त्रकूट जिनालय विज्ञातीर्थ में धूमधाम से चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में श्रद्धालुओं ने आर्यिका की मौजूदगी में वर्षायोग का ध्वज और पताकाएं स्थापित की। जैन समाज के प्रवक्ता योगेंद्र सिंहल व निवाई चातुर्मास कमठी अध्यक्ष सुनील भाणजा ने बताया कि विज्ञातीर्थ में चातुर्मास का मुख्य मंगल कलश स्थापना निर्मल जैन, सुधा जैन मध्यप्रदेश ने पं. विमल शास्त्री बनेठा के सानिध्य में विधि विधान और मंत्रोच्चार एवं भजनों के साथ स्थापित किए। द्वितीय कलश कंवरपाल जैन, मनोरमा जैन व हितार्थ जैन बाइस गोदाम नंदपुरी जयपुर ने किया। तृतीय कलश स्थापना सुनील जैन सांगानेर ने किया। उन्होंने बताया कि वर्षायोग के लिए 9 बडे और108 छोटे मंगल कलशों की स्थापना श्रद्धालुओं द्वारा आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के सान्निध्य में की गई। इस अवसर पर विज्ञाश्री महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, पादप्रक्षालन, शास्त्र भेंट, जिनवाणी भेंट तथा वस्त्र भेंट किए। विज्ञाश्री माताजी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वर की भक्ति और ध्यान से मानव का कल्याण होता है। मानव को सदैव सदाचारी रहते हुए भगवान महावीर के मुख्य तीन संदेश अहिंसा, अपरिग्रह और सत्य को जीवन में अपनाना चाहिए। भक्ति से मानव परहित व परोपकार भी कर सकता है।

सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा विज्ञातीर्थ में कलश स्थापना करने वाले परिवारों का स्वागत सत्कार किया गया। समारोह में मध्यप्रदेश, जयपुर, सांगानेर, टोंक, निवाई, चाकूस, मालपुरा व झिलाय सहित कई स्थानों से श्रद्धालु विज्ञातीर्थ पहुंचकर आर्यिका विज्ञाश्री माताजी को श्रीफल चढाकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उद्योगपति सुशील जैन, महावीरप्रसाद पराणा, राजेंद्र बगडी, नरेश बनेठा, अशोक जैन, अरविंद जैन व जितेन्द्र जैन सहित जैन समाज के विभिन्न महिला मंडल तथा सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# कावड़ियो का किया अभिनन्दन



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** बीसलपुर से पवित्र जल लेकर पंवालिया जा रहे कावड़ियो का जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की प्रतिनिधि श्रीमती राधा चौधरी ने बीच रास्ते में अपने आवास के बाहर रोककर अभिनन्दन किया। क्षैत्र के पंवालिया ग्राम के युवा कावड़िए सोमवार को बीसलपुर से पवित्र जल लेकर अपने गांव पंवालिया जा रहे थे। ये सभी कावड़िए जब टोडारायसिंह से गुजर रहे थे। इसी दौराल टोडारायसिंह शहर में टोडा दुदू स्टेट हाइवे पर ब्लीस स्कूल के सामने जलदाय मंत्री की धर्मपत्नि श्रीमती राधा चौधरी ने जलदाय मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में मौजुद रहकर कावड़ियो का जोरदार स्वागत किया। श्रीमति चौधरी ने अपने साथ मौजुद कार्यकर्ताओं के साथ कावड़ियो पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान कावड़ियो के साथ चल रहे कार्यकर्ताओं ने भी श्रीमती चौधरी को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में कल होगी मैला तैयारी बैठक

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के पंचायत समिति सभागार में 31 जुलाई बुधवार को दोपहर 2 बजे जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में डिग्गी में आयोजित लक्खी पदयात्रा मेले की तैयारी बैठक आयोजित होगी। उपखण्ड अधिकारी कार्यालय की ओर से बताया गया कि बैठक में पदयात्रा मेले में कानून, शांति व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विचार विमर्श किया जाकर निर्णय के अनुसार सम्बन्धित अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए जाएगें। बैठक में सभी सरकारी विभागो के विभागाध्यक्ष अपने अपने विभाग से सम्बन्धित व्यवस्थाओ के संबंध में पूर्व वर्षो की तैयारी एवं आगामी मेले की कार्य योजना के साथ आवश्यक रूप से उपस्थित रहेगें। बैठक में श्री कल्याण मन्दिर ट्रस्ट के मंत्री व अहलकार सहित पदयात्रा संयोजक के अलावा अन्य सभी सम्बन्धित मौजुद रहकर अपनी कार्य योजना रखेगें। बैठक की सूचना प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को भी दी जाकर बैठक में उपस्थित रहने के लिए अनुरोध किया गया है।

# भारत विकास परिषद, शाखा टोंक ने आयोजित किया गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** दिनांक 29 जुलाई, 2024 सोमवार को माध्यमिक सरस्वती माध्यमिक विद्या मंदिर , टोंक में 'गुरु वंदन छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम प्रात: 8 .30 बजे से आरंभ किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में सर्वप्रथम अतिथियों का मंच पर स्वागत किया गया और अतिथियों का परिचय भारत विकास परिषद् टोंक के गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन प्रकल्प प्रमुख महेश शर्मा गुरुजी ने करवाया । मुख्य अतिथि समाज सेवी भगवान सहाय शर्मा , भारत विकास परिषद के जिला समन्वयक अशोक कासलिवाल , अध्यक्ष रमेश काला , वित्त सचिव रामप्रसाद शर्मा , महिला प्रमुख सुमन काला , माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर के अध्यक्ष श्री संजय संघी, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिरोठा ,व्यवस्थापक अनिल शर्मा ,प्रधानाचार्य , मुकेश शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया । तत्पश्चात राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम समवेत स्वर में गाया गया। इसके बाद परिषद की टोंक इकाई अध्यक्ष रमेश काला ने भारत विकास परिषद का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसके क्रिया कलापों की जानकारी दी एवं परिषद के गुरु वंदन छात्र अभिनंदन प्रकल्प प्रमुख श्री महेश शर्मा ने 'गुरु वंदन छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए इसकी उपयोगिता के बारे में सबको विस्तार से बताया। गुरु वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानाचार्य व दो आचार्य का उनकी श्रेष्ठ सेवाओं के लिए सम्मान किया गया । इसके पश्चात 04 प्रतिभावान छात्र छात्राओ का अभिनंदन किया गया। रमेश काला ने 'भारत को जानो और सामूहिक गान प्रतियोगिता' के बारे में विस्तृत जानकारी दी और सब छात्रों से इसमें भाग लेने का आह्वान किया। सभी उपस्थित 320 छात्र छात्राओं , अध्यापकों और परिषद के सदस्यों को महेंद्र सिरोठा ने शपथ दिलवाई । अनिल शर्मा ने सबका आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम पूर्ण हुआ। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के सात पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# शिवाड़ में भोले के दर उमड़ा श्रद्धा और आस्था का ज्वार

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा( नि.स. )।** शिवाड़ कस्बे में स्थित भारत के अंतिम ज्योतिर्लिंग मंदिर श्री घुश्मेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में चल रहे सावन महोत्सव के दूसरे सोमवार को भक्तों की जोरदार भीड़ रही । भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में सुबह से शाम तक रही । ट्रस्ट अध्यक्ष प्रेमप्रकाश शर्मा ने बताया कि सुबह से ही भोलेनाथ के दर पर यात्रियों का आने का सिलसिला चालू हो गया था और प्रात: करीब 11 बजे बाद मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से फुल हो गया । आये हुए भक्त मंदिर के दर्शन कर अपनी मनोकामना मांग रहे थे वही दूसरी ओर पैदल आने वाले यात्रियों की संख्या भी सोमवार को अधिक रही । ट्रस्ट अध्यक्ष ने बताया कि यात्रियों की सुविधाओं के लिए मंदिर ट्रस्ट ने समुचित व्यवस्थाये कर रखी थी वही पुलिस प्रशासन भी मुस्तेद नजर आया । यात्रियों ने मंदिर दर्शन के बाद मंदिर के ऊपर देवगिरि पर्वत पर बने घुश्मेश्वर उद्यान में स्थित विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमाओं के भी दर्शन किये और घूमने का लुफ्त उठाया । वही दूर से आने वाले यात्री बनास नदी, ईसरदा डेम आदि जगह जाते भी नजर आए ।

**लाइटिंग को देखने उमड़े भक्त :** सावन के मौके पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर की आकर्षक सजावट लाइट के डेकोरेशन से की गई है जिसे देखने भक्त दूर दूर से आते है । जयपुर से आये भक्त पंकज, नितेश आदि ने बताया कि वो आये दर्शन करने थे मगर जब उन्हें पता लगा कि लाइट में अलग ही नजारा होगा तो वो सपरिवार शाम तक यही रुके और डेकोरेशन लाइट में मंदिर का आकर्षक नजारा देखा तो वो मंदिर के इन सीनों को अपने कैमरे में कैद करने से नही रोक सके और उन्होंने कहा कि वो दोस्तो के साथ पुन: शिवाड़ आएंगे।

# सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों उमड़े शिव भक्त

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा उपखण्ड के शिवालयो में पवित्र सावन मास के दूसरे सोमवार के चलते दिन भर शिवभक्त उमड़ते रहे। पवित्र सावन मास का दूसरा सोमवार होने के चलते शिवालयो में तड़के से ही पूजा अर्चना करने के लिए शिव भक्तो तांता लगना शुरू हो गया। शिवालयो में पूजा के लिए आने वाले शिवभक्त हाथ में पूजा की थाली व पवित्र जल का लोटा लेकर शिवालयो में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने इस दौरान भगवान शंकर की पूर्ण विधि विधान से पूजा कर बील्व पत्र अर्पित कर पंचामृत व जलाभिषेक किया। इसके अलावा सोमवार होने के चलते अनेक शिवालयो में सहस्त्रघट सहित अन्य कई प्रकार की पूजा अर्चनाऐं हुई। जिसके चलते शिवालयो में दिन भर श्रद्धालुओं की आवाजाही रही। शहर के केदारनाथ, छतरेश्वर, नीलकंठ सहित अन्य सभी छोटे बड़े शिवालयो में पूजा के लिए दिन भर शिवभक्तो का तांता लगा रहा।

# विधायक रामसहाय वर्मा ने विधानसभा में उठाए किसानों से संबंधित प्रश्न

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** विधायक रामसहाय वर्मा ने विधानसभा में किसानों का सहकारी बैंक ऋण माफ का प्रश्न उठाया है। विधायक ने संबंधित विभाग के मंत्री से वर्ष 2019 से 2023 तक के निवाई क्षेत्र के किसानों का कितना ऋण माफ किया गया है। इसके अलावा 4 वर्षो में विधानसभा क्षेत्र के सहकारी बैंक के माध्यम से लेम्पस में कितने किसानों को सदस्य बनाया गया है सहित कई प्रश्न उठाए है। इस पर जवाब में बताया गया कि उक्त अवधि में कृषक ऋण माफी योजना के तहत कुल 14 हजार 370 कृषकों का 32.53 करोड रूपए का ऋण माफ किया है तथा लेम्पस योजना में कोई पंजीकृत नही है। इसके साथ ही डांगरथल ग्राम सेवा सहकारी समिति का धारा 55 के तहत जाचं करवाई जा रही है एवं नानेर ग्राम सेवा सहकारी समिति में पूर्व व्यवस्थापक को गबन का दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग का वार्डवासियों ने अधिशाषी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** ग्राम पंचायत ढाणी जुगलपुरा के वार्ड नंबर 7 निवासियों ने जयपुर डिस्काम के अधिशाषी अभियंता नन्दकिशोर खिंची को ज्ञापन सौंपकर ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। कॉलोनी निवासी ज्ञानसिंह हरसाना ने बताया कि ने ग्राम पंचायत ढाणी जुगलपुरा के वार्ड नंबर 7 में मीणा छात्रावास के पीछे विभिन्न कॉलोनियों में करीब 1500 लोग निवास करते हैं। लेकिन विद्युत सप्लाई कम आती है। जिसकी वजह से घरेलू उपकरण नहीं चल पाते हैं। इसके अलावा बार-बार विद्युत कटौती होती है। लाइनमैन को अवगत करवाते हैं तो वह टोल फ्री नंबर पर बात करने के लिए कहते हैं। वार्डवासियों ने अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। नारायण लाल, पप्पू, मीरा, कजोड़मल, रामफूल, विशाल कीर, शर्मिला, पपुडी, गौरा व गणपत सैन सहित कई कॉलोनीवासी मौजूद थे।

# विभिन्न पर्व को देखते हुए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सौम्या झा ने 7 अगस्त को मेला तीज एवं 9 को विश्व आदिवासी दिवस, 15 को स्वतंत्रता दिवस, 19 को रक्षा बंधन, 25 को थदड़ी एवं 26 अगस्त को जन्माष्टमी के पर्व को देखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि उपखंड मजिस्ट्रेट टोंक को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट टोंक को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट उनियारा को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट उनियारा को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी तरह उपखंड मजिस्ट्रेट निवाई को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट निवाई को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट पीपलू को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट पीपलू को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी तरह उपखंड मजिस्ट्रेट देवली को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट देवली को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट दूनी को संपूर्ण क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट नगरफोर्ट को संपूर्ण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट मालपुरा को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट मालपुरा को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया हैं।

# एम.एस.एस.हॉस्पिटल से नारायण सिंह से त्रिमूर्ति सर्किल, जे.के. लोन से बांगड़ हॉस्पिटल तक रोड़ के दोनों तरफ करीब 03 कि.मी. तक हटाए अतिक्रमण

## पचास बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-1 में एस. एम. एस. हॉस्पिटल से नारायण सिंह से त्रिमूर्ति सर्किल, जे.के. लोन से बांगड़ हॉस्पिटल तक रोड़ के दोनों तरफ करीब 03 कि.मी. तक अवैध अतिक्रमण हटाए। जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन जयसिंहपुरा खोर किल्लनगढ़ में जेडीए स्वामित्व की करीब 50 बीघा बेषकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

जयपुर शहर के मुख्य रोड्स, सेक्टर रोड्स व अन्य रोड्स पर बाधित यातायात आवागमन को सुगम संचालन हेतु सड़कों पर अस्थायी रूप से किये जा रहे अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक:15.07.2024 से शुरू की गई। जिसमें दिनांक: 29.07.2024 को एस. एम. एस. हॉस्पिटल से नारायण सिंह से त्रिमूर्ति सर्किल, जे.के. लोन से बांगड़ हॉस्पिटल तक रोड़ के दोनों तरफ करीब 03 कि.मी. तक के एरिया में करीब 85 अतिक्रमणों को हटवाया। लगातार कार्यवाही करते हुये कुल 1940 अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटवाया गया। साथ ही ईकोलोजिकल जोन जयसिंहपुरा खोर किल्लनगढ़ में जेडीए स्वामित्व की करीब 50 बीघा बेषकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देषन में उप नियंत्रक-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-01, 03 के सहयोग से सामेहिक अभियान का आयोजन कर एस. एम. एस. हॉस्पिटल से नारायण सिंह से त्रिमूर्ति सर्किल, जे.के. लोन से बांगड़ हॉस्पिटल तक रोड़ के दोनों तरफ करीब 03 कि.मी. तक के दायरे में दुकानों, मकानों के आगे अत्यधिक लम्बाई में बने चबुतरें लगाये गये लोहे के ऐंगल, टीनषेड़, चाय, नास्तें की थडियां, ठेलें, तिरपाल, लोहे की रेलिंग, जालियां, टेबल कुर्सियां, होर्डिंग-साइन बोर्ड, पत्थर, पट्टियां इत्यादि द्वारा किये गये लगभग 85 स्थाई-अस्थाई अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को जोन-01 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी, मजदूरों की सहायता से हटाया जाकर मुख्य रोड़ को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

जेडीए द्वारा जोन-10 के क्षेत्राधिकार इकोलॉजिकल जोन में अवस्थित ग्राम जयसिंहपुरा खोर किल्लनगढ़ में खसरा नम्बर-188/2 जेडीए स्वामित्व की करीब 50 बीघा बेषकीमती सरकारी भूमि पर भूमाफियों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से झुग्गी-झोपडियां, बाउण्ड्रीवाल, चबुतरें, बनाकर, तारबंदी कर अतिक्रमण किये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर उपायुक्त जोन कार्यालय से अतिक्रमण प्रोफार्मा रिपोर्ट प्राप्त कर पूर्व में नोटिस जारी किये जाकर अतिक्रमणकताओं को अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया था, परन्तु अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर सोमवार को जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

# कारगिल शहीदों की याद में हुआ भव्य कवि सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर ( का.स. )।** कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ओ.के. मॉडल स्कूल एवं माल्यार्थ फाउंडेशन, दिल्ली प्रदेश चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में साहित्य विमर्श के अंतर्गत एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन मोहन गार्डन नई दिल्ली में किया गया। इसका संचालन वरिष्ठ कवि पंडित साहित्य कुमार चंचल ने किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रख्यात कलाविद् डॉक्टर स्वर्ण अनिल, अध्यक्ष प्रख्यात कवियत्री एवं सेना में डॉक्टर रहीं मेजर प्राची गर्ग जिन्होंने कारगिल के युद्ध में भागीदारी की थी। विशेष आमंत्रित अतिथि के बतौर ओ.के. मॉडल स्कूल, मोहन गार्डन के अध्यक्ष योगी ओमकार पुंडीर रहे।

कवि सम्मेलन में विशेष रूप से बरेली से दिल्ली पधारे वरिष्ठ कवि ऋषि कुमार शर्मा च्यवन ने कारगिल बलिदानियों को याद करते हुए काव्य पाठ किया। बल्लभगढ़ हरियाणा से पधारी युवा कवयित्री कोमल शर्मा और वरिष्ठ कवि जे पी रावत के देशभक्ति गीत ने सभी को भावविभोर कर दिया, तो वहीं कवि इंस्पेक्टर प्रभांशु कुमार, पुनीत पांचाल और प्रख्यात कवि अभिमन्यु पाण्डेय आदित्य ने अपने काव्य पाठ से सदन में ओज रस की धारा बहाई।

कार्यक्रम में कवि मुख्य अतिथि डॉक्टर स्वर्ण अनिल, वरिष्ठ कवि पंडित साहित्य कुमार चंचल और मेजर प्राची गर्ग , वरिष्ठ कवि जे.पी. रावत आदि कवियों ने भी अपनी रचनाओं से बहुत बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की शिक्षिकाओं पल्लवी, कविता, ज्योति एवं आकृति द्वारा भी कुछ सुंदर कविताएं प्रस्तुत की गईं। उल्लेखनीय है कि विद्यालय के बच्चों द्वारा भी सुंदर गणेश वंदना एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया था। जिसकी उपस्थित श्रोताओं ने बहुत सराहना की।

# छोटी काशी में सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में भोले के भक्तों की धूम

## हर -हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हुई छोटीकाशी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** सावन के दूसरे सोमवार को छोटी काशी जयपुर के शिवालयों में हर - हर महादेव के जयकारे अल सुबह से ही गूंजने लगे। सुबह ब्रह्म मुहूर्त में शिवालयों के पट खुलते ही शिव मंदिरों में भोले के भक्तों का तांता लग गया। भोले के भक्तों ने बाबा का दूध,दही,बूरा,शहद,घी,गंगाजल,पानी बिल्व पत्र, गन्ने के रस से अभिषेक कर रोली -मोली चावल धतूरे,से उनकी पूजा-अर्चना की।

### झारखंड महादेव मंदिर

क्वींस रोड स्थित झाडखंड महादेव मंदिर में श्रावण के दूसरे सोमवार को सुबह से शाम तक भोले के भक्तों का तांता लगा रहा। यहां पर भोले बाबा के भक्तों ने बाबा का पहले अभिषेक करने के चक्कर में अल सुबह ही मंदिर के लिए दौड़ लगा दी और सुबह साढ़े 4 बजे से ही लंबी कतार में लग कर अपने नम्बर आने का इंतजार करने लगे। श्रावण के दूसरे सोमवार को बड़ी संख्या में भक्तगण झारखंड मंदिर पहुंचे।

### मंदिर प्रशासन ने पुलिस के साथ मिलकर की पार्किंग की व्यवस्था

श्रावण मास में भक्तों की बड़ी संख्या को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने पुलिस के साथ मिलकर भक्तों के लिए पार्किंग की अलग व्यवस्था की । जिसके चलते राहगीरों को किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। इसके लिए मंदिर परिसर के बाहर ही कतार में वाहनों को खड़ा करवाया।

### गलताजी में उमड़े श्रद्धालु

उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ गलता जी में भी श्रावण के दूसरे सोमवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ें। गलता परिसर के विभिन्न प्राचीन शिवालयों में भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। यहां दिन भर यज्ञ, अनुष्ठान, सहस्त्रघट अभिषेक सहित अन्य धार्मिक आयोजन हुए।गलता जी में श्रावण मास में हजारों श्रद्धालु एकत्रित होते हैं। श्रद्धालु सड़क और घाटी मार्ग से यहां पहुंचे।अन्नक्षेत्र, प्रसादी, पेय आदि की नि-शुल्क सेवाओं की व्यवस्था श्री गलता पीठ एवं विभिन्न संस्थाओं की ओर से की गई। गलता जी में इस मौके पर भक्ति संगीत का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर

चौड़ा रास्ता के ताड़केश्वर महादेव मंदिर में भी श्रावण के दूसरे सोमवार को अल सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। ताड़केश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने बाबा का दूध,दही,बूरा,शहद,घी,गंगाजल,पानी बिल्व पत्र, गन्ने के रस से अभिषेक उनका अलौकिक श्रृंगार किया। जिसके पश्चात समूह में भक्तों ने बाबा की आरती की। देर शाम भोले बाबा के समक्ष फूल बंगला झांकी सजाई गई।

# गैस सिलेंडर के नोजल में आग लगने से बुजुर्ग झुलसा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जवाहर सर्किल थाना इलाके में स्थित मालवीय नगर सेक्टर ग्यारह में सोमवार शाम साढ़े चार बजे गैस सिलेंडर के नोजल में आग लगने से एक व्यक्ति खुद के घर में झुलसा हुआ मिला। इस पर लोगों ने दमकल और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची दमकल और पुलिस ने आग पर कंट्रोल किया। बुजुर्ग को 108 की सहायता से एसएमएस के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है।

थानाधिकारी विनोद ने बताया कि लादूराम धोबी घर के चौक में जला हुआ मिला है। वह जलने के कारण चीख रहा था। जानकारी मिलने पर टीम मौके पर पहुंची। दमकल की सहायता से आग को कंट्रोल किया। झुलसा हुआ लादू राम का उपचार चल रहा है। जो 70 से 80 प्रतिशत तक झुलसा हैं। घटना के दौरान लादूराम घर पर अकेला था। पुलिस और दमकल मौके पर पहुंची उसके बाद लादूराम का परिवार भीड़ से निकलकर सामने आया।

थानाधिकारी विनोद ने बताया कि आग सिलेंडर के नोजल पर लगी हुई मिली थी। इसे बाद में बुझाया गया। मौके पर मिले हालात को देख कर लग रहा है कि लादूराम ने गैस जलाने के लिए माचिस जलाई होगी। सिलेंडर का रेग्युलेटर से जुड़ा पाइप ढीला होगा। इससे आग पकड़ ली। उसी आग की चपेट में आने से लादूराम झुलस गया होगा। पूरे कपड़े जल गए। बाद में लोगो ने उसके शरीर पर चादर डाली। मामले की जांच हादसा और साजिश दोनों के एंगल से की जा रही है।

# गलता कुंड में डूबने से एक स्कूल छात्रा की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गलातगेट थाना इलाके में स्थित गलता कुंड में सोमवार सुबह एक स्कूल छात्रा की डूबने से मौत हो गई। जानकारी में सामने आया है कि गलता तीर्थ घूमने आए स्कूल छात्र का पैर फिसलने से कुंड में गिरने से हादसा हुआ। पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया।

पुलिस ने मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है। एसआई गोवर्धन सिंह ने बताया कि गलता कुंड में डूबने से गांव बरवाड़ा विराट नगर निवासी सुरेन्द्र (16) की मौत हो गई। जो प्राइवेट स्कूल में 11वीं क्लास की पढ़ाई कर रहा था और सोमवार सुबह घूमने के लिए गलता तीर्थ आया था। गलता कुंड के पास आने पर पैर फिसलने से वह अंदर गिर गया। जहां गहरे पानी में डूबते हुए लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सिविल डिफेंस टीम की मदद से तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करते हुए एक घंटे की मशक्कत के बाद कुंड से बाहर निकाल एसएमएस अस्पताल पहुंचाया।

जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव मोर्चरी में रखवाया।

# अपहरण कर लूटपाट करने की वारदात करने वाला आरोपित बापर्दा गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गांधी नगर थाना पुलिस ने अपहरण कर लूटपाट करने की वारदात करने वाले एक आरोपित को बापर्दा गिरफ्तार किया है। साथ ही दो चौपहिया वाहन भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि गांधी नगर थाना पुलिस ने 27 जुलाई को थाना इलाके में स्थित त्रिमूर्ति सर्किल पर अपहरण कर लूटपाट करने के मामले में आरोपित मिथुन बर्मन निवासी पुंडीबाडी जिला कूच बिहार (पश्चिमी बंगाल) हाल मोती डूंगरी जयपुर को गिरफ्तार किया है। साथ ही वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन सहित दो चौपहिया वाहन जब्त किया है।

# मोबाइल से दूरी और स्ट्रेटजिक तैयारी से बनी टॉपरः सुहानी सिंह

## सीयूईटी में देशभर में टॉप करने वाली स्टूडेंट सुहानी सिंह का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** मोबाईल से दो साल नियमित दूरी और स्ट्रेटजिक तैयारी से देशभर में टॉप करने में सफलता मिली। यह कहना है नेशनल टेस्टिंग ऐजेंसी (एनटीए) की ओर से देश की 280 यूनिवर्सिटीज में यूजी एडमिशन के लिए आयोजित परीक्षा सीयूईटी में टॉपर रही जयपुर की सुहानी सिंह का। वह सोमवार को सीयूईटी प्रो एवं नीरजा मोदी स्कूल की ओर से उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी। सुहानी स्कूल की लास्ट ईयर की हेड गर्ल भी थी और उन्होंने सीयूईटी की परीक्षा में सभी पांच विषयों में 200 में से 200 अंक प्राप्त किए एवं पूरे देश में टॉप किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अभ्यास के साथ ही मोबाइल से दूरी, स्ट्रेटजिक तैयारी, फैकल्टी एवं सीयूईटी एक्सपर्ट मेंटोर परेश गुप्ता को दिया। सुहानी ने माता-पिता दोनों के चिकित्सक होने के बाद भी उन्हें अपनी पसंदीदा स्ट्रीम में पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करने की बात भी कही। आयोजन के दौरान सीयूईटी की परीक्षा में दूसरे स्थान पर रहने वाली हर्षिता शर्मा, अपेक्षा धाबाई, रिद्धि खंडेलवाल को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल की प्रिंसिपल इंदु दुबे, सीयूईटी प्रो फाउंडर परेश गुप्ता समेत अन्य गणमान्य लोगों ने सम्मानित किया।

### लगातार दूसरी बार टॉपर

सीयूईटी प्रो के फाउंडर परेश गुप्ता ने बताया कि सीयूईटी की अब तक हुई तीन परीक्षाओं में दो बार देश में उन्होंने टॉपर दिए है, जो कि एक मिसाल है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष भी टॉपर उन्हीं के स्टूडेंट रहे थे। परीक्षा की जानकारी देते हुए गुप्ता ने कहा कि नीट या जेईई से यह परीक्षा किसी भी तरह कमतर नहीं है एवं उन परीक्षाओं के मुकाबले इनमें अधिक स्टूडेंट शामिल होते हैं। इस परीक्षा का बेस सिलेबस एनसीईआरटी पर ही आधारित है, इसका पैटर्न एवं टाइम मैनेजमेंट समझकर तैयारी की जाए तो सफलता तय है। उन्होंने कक्षा 11 से स्कूल की पढ़ाई के साथ सीयूईटी की तैयारी करने पर सफलता मिलना तय बताया।

### शुरुआत में ऑनलाइन, फिर ऑनलाइन

गुप्ता ने बताया कि सीयूईटी प्रो की ओर से सीयूईटी की तैयारी शुरुआत में ऑनलाइन मोड पर प्रतिदिन एक घंटे की करवाई जाती है। इसके बाद हर परीक्षा के नजदीक दिनों में आने पर ऑनलाइन क्लासेज शुरू होती है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन तीन से चार घंटे पढने पर सफलता मिलना तय है।

# फोरहेक्स फेयर के लिए 'ड्रॉ ऑफ लॉट्स' का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** फेडरेशन ऑफ राजस्थान हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स (फोरहेक्स) ने आगामी फोरहेक्स फेयर के लिए ड्रा ऑफ लॉट्स का आयोजन किया। फोरहेक्स फेयर 9 से 12 अगस्त 2024 तक बिरला ऑडिटोरियम जयपुर में आयोजित होगा। ड्रॉ ऑफ लॉट्स को फोरहेक्स फेयर कन्वेनर अतुल पोद्दार और फोरहेक्स के सेक्रेटरी रवि उत्तमानी द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक अपने स्टैंड नंबर चुने। फोरहेक्स फेयर का उद्देश्य भारतीय हस्तशिल्प की समृद्ध और विविध धरोहर को बढ़ावा देना और उसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना है।

इस वर्ष फेयर में देश भर से लगभग 150+ प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। फोरहेक्स फेयर हस्तशिल्प उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है जहां कारीगर, डिजाइनर, और व्यापारी एकत्रित होकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन करते हैं। इस आयोजन को एमएसएमइ (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय), डीसीएच (हस्तशिल्प विकास आयुक्त कार्यालय), और ईपीसीएच (हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद) का महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त है। इन संगठनों का सहयोग फेयर को और भी सफल बनाने में सहायक होगा।

इस अवसर पर फोरहेक्स फेयर कमेटी के प्रेसिडेंट, जसवंत मील ने कहा, फेयर के प्रति हम प्रतिभागियों के उत्साह से बेहद खुश हैं और हमें विश्वास है कि इस वर्ष का फेयर और भी सफल रहेगा। एमएसएमई, डीसीएच और ईपीसीएच के समर्थन के बिना यह संभव नहीं हो पाता। फोरहेक्स फेयर न केवल व्यापारियों के लिए बल्कि कारीगरों और डिजाइनरों के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस फेयर के माध्यम से उन्हें अपने उत्पादों को एक व्यापक दर्शक वर्ग के सामने प्रस्तुत करने और नए व्यापारिक संबंध स्थापित करने का अवसर मिलता है।

# पुलिस कांस्टेबल की नौकरी लगवाने के नाम पर ठगे साढ़े ग्यारह लाख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** करणी विहार थाना इलाके में पुलिस कांस्टेबल की नौकरी लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति से साढ़े ग्यारह लाख रुपये की ठगी करने मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि साढ़े ग्यारह लाख रुपए से अधिक की राशि देने के बाद आरोपित ने नौकरी नहीं लगाई। इसके बाद पैसा भी नहीं लौटाया।

आरोपित पिछले दो साल से निरंतर यह बात करता आ रहा है कि जल्द उसकी नौकरी लग जाएगी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल आशिष कुमार ने बताया कि करणी विहार निवासी दिलीप कुमार ने मामला दर्ज करवाया है कि आरोपित फरहत हुसैन ने राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के पद पर नौकरी लगाने का आश्वासन देकर 27 नवम्बर 2022 से 25 फरवरी 2023 तक 11 लाख 52 हजार रुपए ले चुका है। आरोपित इसके बाद भी पैसा मांग रहा था, लेकिन पीड़ित पक्ष ने पैसा देना बंद कर दिया। पीड़ित के रिश्तेदारों ने आरोपित को कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसके बाद भी कोई समाधान नहीं निकला। जिस पर पीड़ित युवक ने फरहत हुसैन के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपित को थाने बुलाया गया और इसके बाद पूरी घटना को लेकर उससे पूछताछ की जाएगा।

# बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में लापरवाही ना बरतें समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर सोमवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाये। समस्त बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन राज्य सरकार की मंशा के अनुसार जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाये ।जिला कलेक्टर ने बजट घोषणाओं से संबंधित अधिकारियों को भूमि चिन्हित कर फाइनल प्रपोज संबंधित तहसीलदारों को भिजवाने के लिए कहा तथा संबंधित विभाग राजस्व विभाग से तालमेल रख भूमि चिन्हीकरण को गंभीरता से लेकर इसका लगातार फीडबैक लेते रहने के निर्देश दिए और सीएमआईएस पोर्टल पर इसकी प्रगति निरंतर अंकित करने के लिए कहा ।जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा वृक्षारोपण अभियान के तहत लगाए गए पौधारोपण की प्रगति की समीक्षा की तथा लगाए गए सभी पौधों की जिओ टेग करने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के संपर्क पोर्टल पर दर्ज पर करने पर चर्चा कर 30 दिन से अधिक वाले प्रकरणों पर ध्यान देकर उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रकरणों को निस्तारण करने के लिए अभियान चलाकर सभी जनहित से संबंधित प्रकरणों को संतुष्टि पूर्वक उनका निस्तारण सुनिश्चित करें ।उन्होंने सभी विभागाधीकारियों को ई फाइल स्वयं संचालित करने तथा ई-फाइल मोबाइल एप का प्रयोग करने पर बल देते हुए कहा कि इस ऐप का प्रयोग करने से ई फाइल का संचालन मोबाइल के माध्यम से ही बड़ी सहजता के साथ किया जा सकता है तथा ई-फाइलों का एवरेज डिस्पोजल टाइम को कम करने के साथ-साथ प्रभावी मॉनिटरिंग भी की जा सकती है ।उन्होंने कोटपूतली तथा बहरोड के पीएमओ से हॉस्पिटलों में संधारित मशीनों तथा उपकरणों की क्रियाशीलता के बारे में पूछा तथा बहरोड़ में डायलिसिस मशीन की क्रियाशीलता लिए आवश्यक उपकरणों का डीओ नोट सीएमएचओ के माध्यम से जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रेषित करने के लिए कहा ।बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने सम्भावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बिजली, पानी, सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति, केंद्र तथा राज्य की विभागीय फ्लैगशिप योजना एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सम्पर्क पोर्टल आदि की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये ।बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, डीएसओ संदीप माथुर, सीएमएचओ आशीष सिंह शेखावत, जेवीवीएनएल के अधिशासी अभियंता मनोज गुप्ता, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता गौतम मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक सतपाल यादव, पशुपालन विभाग के उप निदेशक हरीश गुर्जर सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## चिकित्सक ने विद्यार्थियों को बांटी नि:शुल्क पुस्तकें

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम खोहरी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य बसंत कुमार कि अध्यक्षता में बानसुर निवासी होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. राजेंद्र कुमार मोरोडिया की ओर से विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई। इस मौके पर होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. राजेंद्र कुमार मोरोडिया ने विद्यार्थियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि मनुष्य की चाहे कितनी भी मजबूरी हो लेकिन शिक्षा बहुत जरूरी है। इसी के साथ पढ़ो लिखो ओर आगे बढ़ो कि नीति आज के युग में हर बच्चे को अपनाने की सख्त जरूरत है। क्योंकि शिक्षा के माध्यम से बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होती है। इस अवसर पर नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें तथा स्टेशनरी वितरित की गई। साथ ही विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। जिसमें पौधों कि देखभाल व उनके संरक्षण का विद्यार्थियों को दायित्व सौंपा। इस दौरान वाईस प्रिंसीपल अशोक कुमार नैनावत समेत विद्यालय मय स्टाफ मौजूद रहा।

## रविवार को चोरों ने 2 दुकानों को बनाया निशाना, पुलिस सी सी टीवी खंगाल रही

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** कस्बे के मुख्य बाजार में रविवार की देर रात को अज्ञात चोरों ने दो दुकानों के ताले तोड़कर हजारों रूपये की नगदी लेकर फरार हो गए। सुबह व्यापारी जब अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो दुकानों के ताले टूटे हुए मिले। चोरी की सूचना पर आसपास के व्यापारियों की भीड जमा हो गई। सूचना पर बानसूर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना बानसूर कस्बे के मुख्य बाजार में डीएसपी कार्यालय से मात्र 100 मीटर दूरी की रविवार रात की है। जहा रात को व्यापारी सुनील अग्रवाल और अंकित किराना स्टोर की दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोर दुकान के गल्ले में रखे रूपये निकालकर फरार हो गए। पीड़ित व्यापारियों ने बताया कि रात को एक दुकान के गल्ले से 19 हज़ार और दूसरी दुकान से करीब 800 रूपये की चोरी कर ले गए। सुबह व्यापारी जब दूकान खोलने गए तो दुकानों के शटर टूटे हुए मिले। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी फुटेज चैक कर चोरों की पहचान कर रही है। व्यापार मंडल अध्यक्ष महावीर प्रसाद बालासिया ने बताया कि कस्बे में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही है। दिन दहाड़े बाजारों से बाईक चोरी हो जाती है। लेकिन पुलिस प्रशासन की ओर से चोरी की घटनाओं को लेकर कोई कार्रवाई नही की जा रही है। उन्होंने बताया की रात को दो व्यापारीयों की दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। जिसको लेकर एसडीएम से मिलकर चोरों को गिरफ्तार करने ओर चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग करेंगे।

### जेडीसी ने प्रोजेक्ट्स की ली समीक्षा बैठक

## बी-2 बाईपास क्लोवर लीफ जुलाई माह में होगा प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में चिंतन सभागार में प्रोजेक्ट्स की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। वर्तमान में चल रही परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। बैठक में बी - 2 बाईपास क्लोवर लीफ को जुलाई माह में प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में सिविल लाइन्स आरओबी को सितंबर 2024 तक एवं एसएमएस अस्पताल में कार्डियो ब्लॉक प्रोजेक्ट को 31 अगस्त 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जयपुर शहर में चल रही अन्य परियोजनाओं - गोल्फ क्लब पार्किंग, सैटेलाइट अस्पताल एवं एसटीपी कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## हनुमान नगर थाना क्षेत्र में नकदी व आभूषण चुराने के आरोपी को पुलिस ने 1 महीने के भीतर किया गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( नि.स. )।** यहां निकटवर्ती हनुमान नगर थाना पुलिस ने गत जून माह में हुई नकदी व आभूषणों की चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इन चोरों से चोरी में गया माल भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार यह वारदात गत 23 जून को मोरला चौराहा स्थित संत निरंकारी आश्रम के चौकीदार के मकान में हुई थी। मामले में पीड़ित सुखदेव मीणा ने हनुमान नगर पुलिस थाना पहुंच कर प्रकरण दर्ज कराया था। इसके बाद से पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। इस चोरी की वारदात में लिप्त चोरों को पकड़ने के लिए थाना अधिकारी ने पुलिस टीम गठित कर आरोपी कुलदीप पुत्र बाबूलाल रेगर निवासी बिंदी गेट दरवाजा जहाजपुर जिला शाहपुरा व बंटी कुमार पुत्र कैसरलाल रेगर निवासी देवली रोड हरिओम नगर वार्ड नं 21 पुलिस थाना जहाजपुर जिला शाहपुरा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उक्त चोरों से माल भी बरामद कर लिया है। वहीं गिरफ्तार हुए चोरों से पुलिस अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। चोरों को गिरफ्तार करने वाली गठित टीम में सहायक उप निरीक्षक कैलाशलाल, महेंद्र सिंह,पुलिसकर्मी मनीष कुमार, लालाराम, लेखराज शामिल रहे। ऐसे में हनुमान नगर थाना पुलिस को इस मामले में 1 महीने बाद तो सफलता प्राप्त तो हो गई लेकिन रविवार को फिर से हनुमान नगर थाना क्षेत्र के जैन कॉलोनी स्थित जैन मंदिर में चोरी की एक घटना घटित हो गई। यहां अज्ञात चोरों ने मंदिर पेटी में रखी राशि पर हाथ साफ कर लिया है। ऐसे में देखा जाए तो यहां भी आए दिन चोरी की वारदातों ने हनुमान नगर थाना पुलिस का सर दर्द बढ़ा रखा है । यहां नुमान नगर थाना क्षेत्र के जैन कॉलोनी के एक मंदिर में दिनदहाड़े रविवार की दोपहर को चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर दान पेटी मैं रखी राशि चुरा ली । इस घटना का मामला भी पुलिस थाने में दर्ज हो गया है ।

## सैनी समाज आधिकारी कर्मचारी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** सैनी समाज अधिकारी- कर्मचारी विकास संस्था के तत्वाधान में रविवार को सैनी प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष ख्याली राम सैनी और संयोजक डॉ. केके सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक महेश सैनी रहें। विशिष्ठ अतिथि प्रशासनिक अधिकारी सवाईसिंह, प्रो.बीएल सैनी, डॉ. देवेंद्र सैनी, आरएनए प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी, संस्था प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सैनी, प्रदेश प्रवक्ता महेश सैनी, रेसला नेता डीडी सैनी और जिला अध्यक्ष डॉ. पूनम सैनी आदि रहे। सहसंयोजक श्योराम सैनी के अनुसार इस समारोह में माध्यमिक उच्च मा. परीक्षा 2024 में 85 प्रतिभावान से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों, राजकीय सेवा में नियुक्त कर्मचारियों, भामाशाहों एवं प्रथम प्रतिभा खोज परीक्षा 2024 मे विजेताओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। वक्ताओं द्वारा विद्यार्थियों एवं युवा वर्ग को केरियर निर्माण के मोटिवेशनल मार्गदर्शन किया गया ।कार्यक्रम डॉ. धर्मवीर सिंह तंवर, रमेशचन्द, राजकुमार सैनी, जगदीश प्रसाद,सुभाष सैनी ,सुरेन्द्र सैनी विजयकुमार, अशोक कुमार सैनी, कृष्ण सैनी,सुभाषचंद, सुनील सैनी, मुकेश सैनी, देवेन्द्र सैनी, हजारीलाल,सोमेश कुमार,प्रेम सैनी,रामसिंह बबलू बबेरवाल सहित सैनी समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बिजली के दाम बढ़ाए जाने से महंगाई की मार झेल रही आम जनता पर दोहरी मार पड़ेगी : मनोज दुबे

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** राजस्थान की डबल इंजन की भाजपा सरकार के द्वारा बिजली महंगी कर प्रदेश की आम जनता पर महंगाई का बोझ डालने का तीव्र विरोध करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोज दुबे ने कहा की राजस्थान की भजनलाल सरकार के द्वारा बिजली के दाम बढ़ाए जाने से महंगाई की मार झेल रही आम जनता पर दोहरी मार पड़ेगी। मनोज दुबे ने कहा की चुनाव मे भाजपा ने राजस्थान मे देश मे सबसे महंगी बिजली का मुद्दा उठाते हुए राजस्थान मे भाजपा की सरकार आने पर सस्ती बिजली देने का वायदा राजस्थान की जनता से किया था ।लेकिन देश व प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनने के बाद राजस्थान सरकार द्वारा बिजली के बिल मे फ्यूल सरचार्ज व फिक्स चार्ज बढ़ाकर राजस्थान की आम जनता पर आथिर्क भार डालने का काम किया जा रहा है। जो दुर्भाग्यपूर्ण एव घोर निंदनीय है। मनोज दुबे ने कहा की राजस्थान मे महंगी बिजली से बिजली उपभोक्ताओं का बिल भर पाना मुश्किल हो गया है ।रोज कमाने खाने वाले गरीब उपभोक्ताओं की पूरी कमाई महंगी बिजली के बिल भरने मे ही समाप्त हो रही है ।कमरतोड महंगाई से राहत देने के स्थान पर भाजपा सरकार का बिजली महंगी करना आम जनता के साथ कुठाराघात है ।चुनाव मे सस्ती बिजली का वायदा कर बिजली महंगी करना राजस्थान की भाजपा सरकार की वायदाखिलाफी है ।जिससे बिजली उपभोक्ताओं मे भारी आक्रोश व्याप्त है।

## शिव भक्तों की अनोखी पहल, प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से शुरू हुई मुहीम

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अद्वितीय पहल करते हुए बजाज नगर के दो दंपत्तियों, विनोद-रीना पहाड़िया और ऋषिराज-शिमला चौधरी ने हर घर के सामने बिल्व पत्र का वृक्ष लगाने का संकल्प लिया है। इस मुहीम की शुरुआत द्वारिका नगरी में स्थित श्री स्वर्ण दुर्गा कैलाशपति मंदिर से की गई है, जहां सबसे पहले बिल्व पत्र के पौधे लगाए गए। इस प्रेरणादायक पहल का मुख्य स्त्रोत शिव महापुराण है। श्रावण मास को देखते हुए इन दोनों दंपत्तियों ने बिल्व पत्र के पौधे लगाने का निश्चय किया है। रीना पहाड़िया का कहना है, भोले बाबा की कृपा से हर घर के सामने बिल्व पत्र का पौधा अवश्य लगेगा। इस मुहिम में कॉलोनी के बहुत से शिव भक्त भी हमारे साथ आ गए हैं। विनोद पहाड़िया ने बताया, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी माँ के नाम पौधा लगाने का जिक्र किया । इसी तर्ज पर हमने भी जगत के पिता भोलेनाथ और मां पार्वती के नाम बिल्व पत्र का पौधा लगाने का निर्णय लिया है।

## देवली में चोरों ने मचा रखा है धमाल बेकाबू होती चली जा रही है चोरी की वारदातें

- शहर के मेन कोटा रोड पर सोलर उपकरण रिपेयरिंग की दुकान मे हुई चोरी
- बेखौफ चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर की चोरी सीसीटीवी फुटेज में चोर हुए कैद

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविन्द सिंह सेठी )।** इन दिनों शहर व आसपास के क्षेत्र में चोरी की वारदात दर वारदात होती चली जा रही है। यहां बढ़ती चोरी की वारदातों से पुलिस की सांस भी फूली हुई है। पुलिस चोरों को पकड़ने का प्रयास तो कर रही है। परंतु शातिर चोर एक के बाद एक चोरी की वारदात को अंजाम देकर धमाल मचा रहे हैं। यहां लगातार होरही चोरी की घटनाओं ने पुलिस पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। इसलिए की पुलिस चोरों को पकड़ने की कोई योजना बनाती है। तभी फिर से कोई ना कोई चोरी की वारदात शहर में घटित हो जाती है। ऐसा ही फिर से एक मामला रविवार की देर रात को घटित हो गया। यहां पुलिस से बेखौफ चोरों ने सोलर एनर्जी दुकान का शटर तोड़कर लाखों का माल पार कर लिया है। हालांकि चोरी की इस वारदात में लिप्त चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। यहां आए दिन हो रही चोरी की घटनाएं बेकाबू होती चली जा रही है। तो वहीं लगातार हो रही चोरी की वारदातों से यह जाहिर हो रहा है कि मानो जैसे की सभी चोरों और नकबजनों ने पुलिस को चैलेंज कर देवली क्षेत्र को ही टारगेट कर लिया हो। इसलिए की प्रतिदिन पुलिस की आंखों में धूल झोंककर यह बदमाश चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है। जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब 3 बजे कोटा रोड स्थित होटल राजभवर की बगल में सोलर एनर्जी की दुकान में चोरी की वारदात घटित हुई है। यह दुकान सोहनलाल माली निवासी पनवाड़ की है। इस घटना को लेकर पीड़ित ने बताया कि रविवार रात करीब 3 बजे मारुति ईको में सवार होकर चार चोर आए। जिन्होंने दुकान का शटर मोड़ दिया तथा भीतर घुसकर दुकान में रखें सोलर मोटर आदि की मरम्मत में काम आने वाले कॉपर वायर के कई बंडल चुरा कर अपने साथ में लाए वाहन मारुति ईको में भरकर ले गए। यह सारी घटना सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर पर कैद हो गई। पीड़ित के अनुसार चोरों ने सोलर मरम्मत की दुकान से 300 किलो से अधिक कॉपर वायर चुराया है। जिसकी कीमत लाखों रुपए में बताई गई है। यहां हुई चोरी की घटना की सूचना पर देवली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वारदात की जानकारी जुटाई। तो वही सोहनलाल माली ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज करवा दी है। इसी के साथ पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।

## रामेश्वर खंडेलवाल का चेयरमेन की कुर्सी पर नगर पालिका में पहली बार मनाया जन्मदिन



बढ़ता राजस्थान

**अंता ( नि.स. )।** नगर पालिका चेयरमेन रामेश्वर खंडेलवाल, का जन्मदिन सोमवार को हर्षोल्लास से मनाया गया । शुभचिंतकों ने पालिका में पहुंच कर केक काट माला पहनाकर जन्मदिन की दी बधाई वही चेम्बर में पालिका अधिकारी कर्मचारियों ने चेयरमेन का माला साफा बांध केक काट हर्षोल्लाह के साथ जन्मदिन मनाया। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी नरेश कुमार राठौर, सहायक अभियंता मनीष कुमार मालव, नरेगा सहायक अभियंता नेहा सेंगर,महेश शर्मा राधाकिशन, रविन्द्र पांचाल, हेमंत ओदीच्य, महावीर मीणा, पार्षद धनराज चौरसिया महेंद्र सुमन लक्ष्मण चौधरी जगदीश सुमन, राजेंद्र नागर, मुरली सुमन, सहित ठेका कर्मी ठेकेदार मौजूद थे ।

चेयरमेन रामेश्वर खंडेलवाल को नगर के गणमान्य नागरिक सहित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भाजपा महिला मोर्चा, कपड़ा व्यापार, रेडिमेड, मोबाइल, धान मंडी, किराना, शूज व्यापार संघ सहित कई व्यापारियों ने स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर ओम सोनी मधुर, भरत गालव, मोहित कालरा, सुरेश सोनी, यशपाल नगर, शिवराज सिंह नागदा, धनराज चौरसिया, हेमंत नागर ,सतीश नगर, हरी गुर्जर, इलियास अंसारी, कुलदीप शाक्य, पुष्पेंद्र टांकरा, जितेंद्र सुमन,जितमल मेहरा हेमंत नागर, अब्दुल हक, फरीद पठान, अताउल्लाह खान,भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश विजय,गिरिराज चौरसिया,युवा नगर अध्यक्ष चेतन नागर, दिग्विज सिंह नागदा,दिलीप शर्मा काचरी,रमेश पंजाबी, जय सिंह चौधरी ठिकरिया, ओम चौरसिया आदि मोजूद थे।

## खंडेलवाल वैश्य समाज मानसरोवर विस्तार की सामूहिक गोठ बालाजी को भोग लगाकर समाज बंधुओं ने पाई पंगत प्रसादी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** खंडेलवाल वैश्य समाज मानसरोवर ( विस्तार) की ओर से गलता रोड स्थित श्री निवास के बालाजी के यहां सामूहिक गोठ आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालाजी को भोग लगाकर समाजबंधुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

खंडेलवाल वैश्य समाज मानसरोवर (विस्तार) के अध्यक्ष विमलेश तांबी ने बताया कि प्राकृतिक सौंदर्य और सुहाने मौसम के बीच खंडेलवाल बंधुओं ने दाल, बांटी और चूरमे का लुत्फ उठाया। इससे पहले चाय—नाश्ते और कैरी की छाछ भी परोसी गई।

कार्यक्रम में कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया। इस अवसर पर बच्चों और महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी रखी गई। नैसर्गिक सौंदर्य और खुले वातावरण के बीच समाज बंधु सेल्फी लेते नजर आए। अध्यक्ष विमलेश तांबी ने बताया कि सामूहिक गोठ के माध्यम से एक साथ बैठकर समाज के सभी परिवारजनों ने भोजन किया। इससे समाज में आपसी एकता एवं मधुरता बढ़ोतरी होती है। समारोह में खंडेलवाल समाज मानसरोवर विस्तार के पदाधिकारी और सदस्य परिवारों ने हिस्सा लिया।

# प्रकृति के संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी, ईको क्लब की मुहीम को आगे बढ़ाये : कलेक्टर श्री निधि बीटी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** पर्यावरण संरक्षण और इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को शहर के महाराणा प्रताप स्टेडियम में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज सेवी रामविलास मित्तल ने कलेक्टर और अतिथियों का ईको क्लब के साथ स्वागत किया।

जिला कलक्टर श्रीनिधि वीटी ने अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह गर्मी का प्रकोप बड़ा है तो आज संपूर्ण विश्व में पर्यावरण संरक्षण के प्रयास किए जा रहे हैं। आधुनिक जीवन शैली ने पर्यावरण को जो क्षति पहुंचाई है। उसकी भरपाई अधिकाधिक वृक्षारोपण से ही संभव है। अनेक सामाजिक संगठन और भामाशाह प्रकृति की रक्षा के लिए आगे आकर सहयोग कर रहे हैं। वृक्षारोपण के बाद उनकी देखभाल का दायित्व भी हमारा है। बाड़ी शहर के युवाओं ने इको क्लब के माध्यम से जो सार्थक पहल की है उसको आगे ले जाने की आवश्यकता है। ईको क्लब जिस तरह समाज और युवाओं को जोड़ कर आम जन में पेड़ और पर्यावरण के





लिये चेतना का काम कर रहा है अधिक से अधिक लोगों को इस से जुड़ना चाहिये।साथ ही जिला कलेक्टर ने बताया कि 7 अगस्त को धौलपुर जिले में वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी उत्कर्ष ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को प्रकृति के संरक्षण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी चाहिए। दैनिक उपयोग की वस्तुओं में प्लास्टिक का निषेध करें। एसी का आवश्यकता से अधिक उपयोग नहीं करें। जल संरक्षण की दृष्टि से हम जल का व्यर्थ उपयोग नहीं करें। अपने घर को हरित घर के रूप में तैयार करें प्रकृति संवर्धन के लिए सामान्य बातों का ध्यान रखते हुए जीवन व्यवहार करें। इस अवसर पर समाजसेवी प्रोफेसर रामअख्त्यार सिंह भी उपस्थित थे। विभिन्न स्कूलों से आये बच्चों के साथ ज़िला कलेक्टर ने महाराणा प्रताप स्टेडियम में वृक्षारोपण किया और ईको क्लब ने पेड़ के साथ अथितियों के नाम की पट्टिका भी साथ में लगाई। ईको क्लब के राकेश नेताजी और ऋषब शर्मा ने बताया अब तक महाराणा प्रताप स्टेडियम में कुल 100 के आसपास बरगद पीपल नीम कदम गुलमोहर क्रिस्टोनिया इत्यादि के पेड़ लगाये जा चुके हैं और आने बाले दिनों में जगह चिन्हित कर समाज के सहयोग से वृक्षारोपण किया जायेगा। बुजुर्ग समाज सेवी रामविलास मित्तल ने कहा कि बाड़ी नाम इस क्षेत्र में पहले बाग बगीचों की अधिकता के कारण ही पड़ा और हमारा क्षेत्र बहुत हरा भरा था विगत वर्षों में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई ने पर्यावरण के संतुलन को बिगड़ा है और हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिये। कार्यक्रम में धन्यवाद प्रस्ताव रखते हुए पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गोपाल गोयल ने पेड़ों के संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि हमें ध्यान रखना है कि जो पेड़ लगाये जा रहे हैं वे संरक्षित भी रहें और उनका समय समय पर ध्यान रखा जाये। इस दौरान बाड़ी के उपखण्ड अधिकारी राधेश्याम मीणा और तहसीलदार मोहम्मद हनीफ ने भी समाज सेवियों के सहयोग का संकल्प लिया। ईको क्लब के मोनू तिवारी ,राजीव शर्मा,रोहित मंगल,विजय गौड़,जितेन्द्र समाधिया,काजल परमार,डाक्टर कार्तिकेय मित्तल,समीर गोस्वामी,योगेश बंसल रहे। साथ ही प्रिन्स ग्रुप के हर्ष राज पचौरी,धीरज चांसोरिया,सोम लावनीया इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## सार्थक पहल : जन्मदिन के मौके पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

### समाजसेवी रवि गोयल के जन्मदिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बसेड़ी ( नि.स. )।** अग्रसेन नवयुवक मंडल बसेड़ी द्वारा अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश सचिव व समाजसेवी रवि गोयल दौपुरा वालो के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में उपखंड कार्यालय परिसर में पौधे लगाकर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसेड़ी एसडीएम दिनेश शर्मा व विशिष्ठ अतिथि विकास अधिकारी बाबूलाल मीणा व प्रशासनिक अधिकारी ऋतुराज शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवयुवक मंडल अध्यक्ष हेमंत बंसल ने की। उपस्थित अतिथियों व मंडल सदस्यो ने अपने अपने हाथो से बेलपत्र, समी, पीपल, नीम, नींबू सहित कई फलदार व छायादार पेड़ पौधे लगाए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम दिनेश शर्मा ने अग्रसेन नवयुवक मंडल द्वारा समाजसेवी रवि गोयल के जन्मदिन पर पौधारोपण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि सभी युवा अपने-अपने स्तर पर पौधारोपण में आगे आएं तभी पर्यावरण को जल्दी बचाया जा सकता है। क्षेत्र को हरा भरा एवं पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए विशेष आयोजनों जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगाठ व पुण्यतिथि के अवसर पर एवं वर्षा काल में अधिक से अधिक पौधारोपण कर शहर को हरा-भरा एवं स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करना चाहिए। विकास अधिकारी बाबूलाल मीणा ने अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों को अपने आसपास पेड़ पौधे अवश्य लगाये। जिससे हरियाली तो रहती है। वही हमें जीवन दाहिनी वायु भी इन्हीं पेड़ पौधों से मिलती है। इसलिए हमें पेड़ अवश्य लगाने चाहिए तथा उनकी देखभाल भी समय-समय पर करनी चाहिए। जिससे कि वह अच्छे से बड़ा हो सके। और कहा कि आगामी 7 अगस्त को हरियालो राजस्थान के तहत सभी ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक पेड़ लगाए जायेंगे जिसमे आमजन अपनी भागीदारी निभाएं।

## भाजपा राज में महंगाई के खिलाफ महिला कोंग्रेस ने खोला मोर्चा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** सोमवार को नई दिल्ली स्थित जंतर मंतर पर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व एवं प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम के दिशा निर्देशन में भाजपा सरकार के विरुद्ध देश की गृहणियों को महंगाई से राहत दिलाने , महिलाओं की हो रही उपेक्षा, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और अन्याय को रोकने में नाकामयाबी , महिला आरक्षण में हो रही देरी और 33 प्रतिशत महिला आरक्षण तुरंत लागू करके उसमें ओबीसी कोटे को सुनिश्चित करवाने ,महालक्ष्मी योजना लागू कर देश की महिलाओं को प्रति माह आर्थिक सहायता प्रदान करने, सहित विभिन्न माँगो को लेकर कड़ा विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें जिला महिला काँग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी के नेतृत्व में जिलेभर से सैकड़ों की संख्या में महिला काँग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नई दिल्ली स्थित जंतर मंतर पहुंच कर भाजपा सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश प्रकट किया गया। नगर परिषद की पूर्व सभापति एवं महिला काँग्रेस जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी ने बताया कि महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण एवं भागीदारी के तहत महिला आरक्षण अधिनियम को तत्काल लागू करना होगा तथा इसमें अन्य पिछड़े वर्ग की हमारी ओबीसी बहनों का आरक्षण एवं भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।

आर्थिक सशक्तिकरण के तहत बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही देश की आधी आबादी को नारी न्याय के तहत राहत देने के लिए महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की एक महिला को सालाना 1,00,000 रुपये या 8,500 रुपये दिए जाएंगे. महीना। हम मांग करते हैं कि रुपये की वित्तीय सहायता दी जाए. 8,500/- सीधे उनके बैंक खातों में दिए जाएं। सामाजिक न्याय और सुरक्षा का अधिकार, के तहत देशभर में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और अपराधियों में कानून का खौफ कम होता जा रहा है, इसका ताजा उदाहरण मध्य प्रदेश के रीवा में दो महिलाओं को दबंगों द्वारा जिंदा दफनाने की घटना है, जिसने देश को शर्मसार कर दिया है शर्मा ने के लिए। जिलाध्यक्ष श्रीमती कमलेश सैनी ने बताया कि जंतर मंतर विरोध प्रदर्शन में अलवर जिले से प्रमुख रूप से एडवोकेट बबीता दिल्लीवाल , लीली यादव , डॉ राजकुमारी सुलानिया , सरोज शर्मा ,शुशीला सैनी ,सरोज सैनी ,दिव्या सैनी ,ममता सैनी सहित सैकड़ों की संख्या में शामिल हुई।



### उस्मानी समाज का प्रतिभा सम्मान और हाजियो का इस्तकबाल समारोह आयोजित

## समाज के बिन्दुओ पर हुई चर्चा, हर एक का शिक्षा से जुड़ना जरूरी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर ( राजू शर्मा )।** शहर के बसेड़ी रोड स्थित एक निजी मैरिजहोम में उस्मानी समाज द्वारा जिले भर के समस्त उस्मानी समाज के हाजियों का इस्तकबाल करने के साथ समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज मे फैली कुरीतियों के समापन के साथ समाज के सुधार कर चर्चा की गई। इस दौरान अतिथियों द्वारा समाज के लोगो से अपने बच्चों की शिक्षा पर जोर देने के साथ आर्थिक और सामाजिक सुधार पर अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी रतीमुद्दीन उस्मानी मौजूद रहे। जिन्होंने समाज के सभी लोगो से अपील की की वे अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दे।




शिक्षित परिवार ही भविष्य में आगे बढ़ता है। शिक्षा वह हथियार है जो समाज क्षेत्र और देश का विकास करता है। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पीएनबी बैंक के प्रबंधक भरतपुर सर्किल आसिफ उस्मानी और जाविद उस्मानी मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता उस्मानी समाज के अध्यक्ष फजलू उस्मानी ने की। समाज के अध्यक्ष फजलू उस्मानी ने बोलते हुए कहा कि आज उस्मानी समाज एक साथ एक मंच और एक सभा में मौजूद है। ऐसे में उन्होंने अतिथियों द्वारा दिए गए उद्बोधन पर चर्चा की और सभी से अपील की वे अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें और समाज में जो कुरीतियां फैली हुई है उनके समापन पर अपना सहयोग और दायित्व निभाये। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट इमरान खान द्वारा किया गया। इस मौके पर अली हुसैन, इस्लाम, रफीक,शाकिर मुकीम, नजीर,नीरू, आशु,मुस्तकीम,इमरान टेलर,बल्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 13 आरोपी गिरफ्तार अवैध बजरी, शराब और सट्टे के खिलाफ छापेमारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ाके निर्देश पर बाड़ी उपखंड की बसई डांग,सदर और कोतवाली थाना पुलिस ने विगत 24 घंटे में कई कार्रवाई करते हुए जहां दो हिस्ट्रीशीटर, हार्डकोर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वही 10 वारंटी पकड़े गए हैं। पुलिस ने उक्त कार्रवाई के अलावा अवैध चंबल बजरी परिवहन में एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्राली जप्त की है साथ में शराब और सट्टे को लेकर भी कार्रवाई की है।

**बसई डांग थाना पुलिस ने पकड़े 13 आरोपी :** उपखंड की बसई डांग थाना पुलिस ने दो हार्डकोर अपराधियों के साथ 13आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बसई डांग थाना अधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह के साथ पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर हार्डकोर अपराधी भोलाराम पुत्र रामबरन गुर्जर निवासी डॉयलेन का पुरा और सीताराम पुत्र भोगीराम गुर्जर निवासी मुरहन का पुरा थाना बसई गांव को गिरफ्त में लिया है। वहीं पुलिस ने एक स्थाई वारंटी जोगिंदर पुत्र प्रवीण गुर्जर निवासी बरेलपुरा को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा आठ वारंटी विभिन्न स्थानों से गिरफ्त में लिए है। जिनमे जितेंद्र पुत्र अजमेर गुर्जर,चंद्रभान पुत्र अतरसिंह गुर्जर निवासी वरीपुरा,रामकुमार पुत्र रामसहाय गुर्जर निवासी श्यामपुरा,अमरेश पुत्र कप्तान सिंह,पप्पू पुत्र रामवरन गुर्जर निवासी डॉयलेन का पुरा,दिलीप पुत्र सरनाम गुर्जर और बच्चू पुत्र ने निहाल गुर्जर निवासी पटेवरी,करनवीर पुत्र वृंदावन गुर्जर निवासी बसई डांग शामिल है। इसके अलावा वसई डांग पुलिस ने शांतिभंग में बसई डांग गांव से रामसिंह पुत्र पंछी गुर्जर और उसके पुत्र बृजेश को गिरफ्तार किया है।

**अवैध चंबल बजरी को लेकर सदर पुलिस की कार्रवाई :** एसपी के निर्देश पर सदर थाना पुलिस ने बाड़ी सीओ नरेंद्र कुमार के सुपरविजन में अवैध चंबल बजरी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खानपुर नहर के पास से एक आरोपी मोनू पुत्र भारत गुर्जर निवासी रजई खुर्द थाना वसई डांग को गिरफ्तार किया है। वही दूसरा आरोपी बिरजू पुत्र कुमरपाल गुर्जर पुलिस से भागने में कामयाब रहा है। मौके से सदर एसएचओ विनोद कुमार,एएसआई राजेश कुमार के साथ पुलिस टीम ने दो ट्रैक्टर-ट्राली अवैध चंबल बजरी से भरी जप्त की है।

## जल संसाधन विभाग का अधिशाषी अभियंता एवं अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी चालीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की उदयपुर की इंटेलिजेंट टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए कार्यालय जल संसाधन खंड उदयपुर के अधिशासी अभियंता गणपत शर्मा एवं अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी गजेंद्र सिंह राजपूत को परिवादी से चालीस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की उदयपुर इंटेलिजेंट टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसकी फर्म को मिले टेण्डर के संबंध में कार्यादेश जारी करने की एवज में अधिशासी अभियंता गणपत शर्मा एवं अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी गजेंद्र सिंह राजपूत की ओर से 90 हजार रूपये की रिश्वत राशि की मांग की जा रही है। जिस पर एसीबी की उदयपुर। इंटेलिजेंस टीम की पुलिस निरीक्षक डॉ. सोनू शेखावत के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए अधिशासी अभियंता गणपत शर्मा एवं अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी गजेंद्र सिंह राजपूत को चालीस हजार रूपये(20 हजार रुपये प्रचलित भारतीय मुद्रा एवं 20 हजार रुपये डमी करेंसी नोट) की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।

## ठग ने चाय वाले से सोने की ईंट बेचने का झांसा देकर की ठगी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर में आसाम से बच्चों के खिलौने बेचने आए एक ठग ने चाय वाले को अपनी बातों में फंसा कर सोने की ईंट बेचने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया हैं। चाय पीने के दौरान ठग ने चाय वाले को अपनी बातों मे ऐसा फंसाया की पीड़ित ने अपने घर के कीमती जेवरों को गिरवी रखकर पांच लाख रुपये अपने रिश्तेदार के साथ लेकर ठग के बताए स्थान पर पहुंच गया। जहां बढ़ी चालाकी से ठग और उसके साथी ने पांच लाख रुपए पीड़ित से हड़प लिए और सोने की ईंट के दो टुकड़े दे दिए। बाद में जब ईद के टुकड़ों की जांच की तो वह नकली निकले। इस दौरान जैसे-तैसे ठग को तो पीड़ित दुकानदार और उसके रिश्तेदार ने पकड़ लिया लेकिन उसका साथी फरार हो गया। घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने ठग को गिरफ्तार कर लिया है आरोपी साथी की तलाश की जा रही है। कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि 26 जुलाई को उपखंड के रानपुर गांव निवासी पीड़ित लाखन सिंह पुत्र भरत सिंह गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बाड़ी अस्पताल के सामने चाय की दुकान चलाता है। दो-तीन दिन पहले उसकी दुकान पर एक झूला बेचने और खिलौने बेचने वाला आया। जो चाय पीने लगा इस दौरान उसने उसको बताया कि उनको किसी पुराने किले में सोने की ईट मिली है। जिसे वह बेचना चाहते हैं और उसको अपनी बातों में फंसा



लिया। इस दौरान ईट का को बेचने की की एवज में पांच लाख रुपए मांगे। जिस पर पीड़ित ने जैसे तैसे अपने घर के जेवरों को गिरवी रखकर अपने रिश्तेदार धर्मेंद्र पुत्र भंवर सिंह के साथ ठग द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंच गया। जहां ठग और उसका साथी पहले से मौजूद थे।दोनों ने उनसे पैसे लिए और सोने की ईंट के दो टुकड़े दे दिए। जिनकी बाद में जब जांच कराई तो नकली निकले। इस दौरान उन्होंने ठग पर निगाह रही। ऐसे में उन्होंने ठग को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

## नर्बदेश्वर महादेव मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक बड़ी संख्या में श्रदालुओं ने पाया बाबा का प्रसाद

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** सोमवार को अपना घर शालीमार के निर्माणाधीन भव्य श्रीराम मंदिर प्रांगण में सावन के दूसरे सोमवार को भगवान नर्बदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया गया। अपना घर शालीमार के निर्देशक और प्रमुख समाजसेवी अशोक सैनी और उनके धर्मपत्नी रजनी सैनी ने सावन के दूसरे सोमवार को भव्य तरीके से भगवान शिव नर्बदेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग पर रुद्राभिषेक विद्यालय अभिषेक किया इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया रुद्राभिषेक के बाद बड़ी संख्या में ब्राह्मणों को भोजन कर के भेंट दक्षिणा दी गई। समाजसेवी अशोक सैनी ने बताया कि हर वर्ष सावन माह में सोमवार को रुद्राभिषेक कार्यक्रम कर बाबा के गुणगान किए जाते हैं ताकि सब पर भगवान शिव बाबा भोलेनाथ कृपा बनाए रखें।

### भगवान शंकर के तीसरे विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (नि.स.)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रामपुर में सावन के दूसरे सोमवार को शंकर भगवान के तीसरे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे प्रसिद्ध कलाकारों की ओर से बाबा के भजनों का गुणगान किया। कस्बे वासियों की ओर से भंडारे में सुबह 11 बजे से ही पंगत प्रसादी की गई। जिसमे हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े और बाबा के सुंदर सुंदर भजनों का आनंद उठाया। श्री कृष्ण भजन मंडली की ओर से सुबह 10 बजे से ही बाबा के सुंदर सुंदर भजनों और झांकिया प्रस्तुत की। जिसमे बाबा के भजनों पर श्रद्धालु मंत्र मुग्ध होकर नाचते गाते हुए दिखाई दिए।

# पवित्र श्रावण मास के दूसरे सोमवार को शिवालयों पर शिवजी की पूजा अर्चना एवं दर्शनार्थ उमड़ा भक्तो का हुजूम

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** अखंड ब्रह्मांड के राजा देवो के देव महादेव की पूजा अर्चना एवं आराधना के पवित्र श्रावण मास के तहत क्षेत्र में स्थित समस्त शिवालयों पर शिवजी की पूजा अर्चना एवं दर्शनार्थ हर समय भक्तो की रेलमपेल बनी रहती है।

जानकारी अनुसार शक्तिपती शिवजी की आराधना के पवित्र श्रावण मास को लेकर क्षेत्रीय भक्तो एवं श्रद्धालुओ में उत्साह बना हुआ। जिसके तहत महिला, पुरुष,युवक,युवतियां,बच्चे,बुजुर्ग सभी भोले बाबा की भक्ति का आनंद ले रहे है।जिसमे भक्तो द्वारा श्रावण मास में शिवालयों पर पूजा अर्चना सहित विशेषकर श्रावण मास के सोमवार के दिन व्रत,उपवास,जलाभिषेक,दुग्धाभिषेक के साथ भक्तगण महादेव की आराधना में जुटे हुवे है। उल्लेखनीय है कि श्रावण मास 2024 के दूसरे सोमवार को क्षेत्र के समस्त शिवालयों सहित नगर कपासन में स्थित प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर अलसुबह से ही शिवशंभु की पूजा अर्चना हेतु भक्तो एवं श्रद्धालुओ की रेलमपेल शुरू हो गयी।महादेव की भक्ति से ओतप्रोत भक्तो का श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना एवं दर्शनार्थ हुजूम बना रहा।इस दौरान भक्तो द्वारा महादेव को बिल्व पत्र,चंदन,फूल,माला,प्रसाद इत्यादि अर्पित करने सहित यहां श्रावण मास में जलाभिषेक,दुग्धाभिषेक आदि धार्मिक अनुष्ठान जारी है।इसके उपरांत प्रतिदिन सांयकाल अखंड ब्रह्मांड के राजा,कालो के काल महाकाल श्री सोमेश्वर महादेव को आकर्षक श्रृंगार कराया जाता है।जो भक्तो में आकर्षण का केंद्र रहता है।युवा समाजसेवी विकास बारेगामा ने बताया कि पवित्र श्रावण मास में समस्त भक्तो द्वारा श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर रात्रि 10 से 11 बजे तक नम: शिवाय मंत्र का जाप किया जा रहा है। इधर श्री अमरनाथ कावड़ यात्रा संघ एवं श्री अमरनाथ मित्र मंडल कपासन के अध्यक्ष पंच कैलाशी महेश चंद्र पलोड़ ने बताया कि श्रावण में देवा दी देव महादेव का जलाभिषेक करने हेतु कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।जिसमे प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी यह कावड़ यात्रा मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया स्थित श्री मंगलेश्वर महादेव की पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक कर 11 अगस्त रविवार प्रात: 8.30 बजे प्रारंभ होगी।



# दुकानों व गोदाम में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर के बूंदी रोड पर बड़गांव स्थित दुकानों व गोदाम में रविवार मध्य रात्रि को आग लग गई। इसके चलते लाखों का नुकसान हुआ है। यह हादसा 11 केवी की लाइन टूट कर गिरने से हुआ है। आनन-फानन में कोटा नगर निगम की दमकल आग बुझाने पहुंची। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी में आया है कि सबसे पहले हरिओम ट्रेडर्स नाम से संचालित हो रही स्पेयर्स पार्ट्स की दो दुकानों में आग लगी थी। इसके बाद आसपास की दुकानों में भी आग पहुंच गई और भीषण रूप ले लिया। नगर निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास के अनुसार सूचना मिलने पर 12.40 बजे 3 दमकल मौके पर पहुंची। दुकान में अंदर आग लगी हुई थी और शटर लगा हुआ था। ऐसे में शटर को तोड़कर आग बुझाने का क्रम शुरू किया गया। टीम के पहुंचने के पहले ही आसपास की दुकानों में आग पहुंच गई थी।सहायक अग्निशमन अधिकारी अमजद खान के अनुसार दुकान में स्पेयर्स पार्ट्स होने के चलते काफी नुकसान हुआ है। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। दुकान मालिक धीरेंद्र शर्मा का कहना था कि आग की सूचना उन्हें पड़ोसियों ने दी थी। जिसके बाद वो मौके पर पहुंचे, जहां देखा तो 11 केवी लाइन टूट कर पड़ी हुई थी।

उनके स्पेयर पार्ट्स का लाखों रुपए का सामान रखा हुआ था। जिनमें टू व्हीलर का स्पेयर पार्ट्स था। साथ ही पास में सर्विस सेंटर भी संचालित होता है। वहां भी नुकसान हुआ है। उनकी दुकान के पीछे उनका ही गोदाम बना हुआ था। जिसमें भी आग पहुंच गई और वहां भी रखा हुआ पूरा सामान जलकर खाक हो गया है। यह सब जिम्मेदारी बिजली विभाग जेवीवीएनएल की है। उनकी लापरवाही के चलते ही मेरी दुकान में आग लगी है।

# जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में आयोजित हुआ सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम, लगाए 2100 पौधे

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** ग्राम पंचायत बडौली माधोंसिंह निम्बाहेड़ा में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आजआयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए सघन वाटिका के रूप में विद्यालय के सभी छात्र छात्राओ व ग्रामीण जनों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों व ग्रामीण जनों ने फलदार और छायादार पौधे लगाए। जिला प्रमुख भूपेन्द्र सिंह सोलंकी ने अपने गाँव में नवाचार प्रारम्भ करते हुए कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओ व ग्रामीण जनो के नाम पट्टिका लगा कर प्रत्येक वृक्ष की ज़िम्मेदारी स्वरूप वृक्षारोपण कर एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के संयोजक सरपंच प्रतिनिधि दशरथ धाकड ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद के सीईओ दिनेश मंडोवरा, कार्यक्रम की अध्यक्षता कैलाश सिंह सोलंकी, विशिष्ट अतिथि एसीईओ राकेश पुरोहित, उपखण्ड अधिकारी विकास पंचोली, विकास अधिकारी विशाल छिपा व खेतान फर्टिलाइजर्स के प्रबंधक तरुनकुमार बंधोपाध्याय, व जयेन्द्र सिंह पंवार मौजूद रहे। इस दौरान ज़िला प्रमुख भूपेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा सभी बच्चों को अपनी मां के नाम पेड़ लगाना चाहिए। और पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सबको संकल्पित होना चाहिए। साथ ही बच्चो को पौधरोपण के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही लगाए गए पौधे की सुरक्षा के लिए सजग रहने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि , अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि ने भी सभी ग्रामीण जनों और छात्र छात्राओ से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने व पर्यावरण संतुलन के लिए सजग रहने की बात कही।

# बेसमेंट में चल रही 14 लाइब्रेरी बंद करवाई वापस खोलने पर सीज कार्रवाई की दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** दिल्ली में बेसमेंट में बनी कोचिंग में पानी भरने से तीन स्टूडेंट की मौत के बाद कोटा प्रशासन के निर्देश पर निगम की टीम ने कोचिंग एरिया में सर्वे की कार्रवाई की और बेसमेंट में संचालित 14 लाइब्रेरी को बंद करवाया, साथ ही संचालकों पाबन्द किया। निगम की टीम ने दोबारा खोलने पर सीज करने की चेतावनी दी। कार्रवाई उन जगहों पर की गई है जहां जल भराव की संभावना बनी रहती है। आसपास नाला गुजर रहा है। इन स्थानों पर फायर सुरक्षा इंतजाम भी नहीं थे।

निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास के अनुसार जिला प्रशासन व नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर कोटा उत्तर एवं दक्षिण की फायर टीमों ने कार्रवाई की। तीन टीमों ने जवाहर नगर डिस्टिक सेंटर, लैंडमार्क सिटी, कोरल पार्क, राजीव गांधी नगर में संयुक्त कार्रवाई कर बेसमेंट में बनी लाइब्रेरियो का सर्वे किया। इस दौरान बेसमेंट में संचालित लाइब्रेरी में से किसी में 5, किसी में 8, किसी में 12 से 15 बच्चे मिले। जो लाइब्रेरी में बैठकर कर पढ़ाई कर रहे थे। सभी को बाहर निकाला। संबंधित भवन मालिक को मौके पर ही बुलाकर लाइब्रेरी को बंद करवाया। साथ पाबंद किया।

दोबारा लाइब्रेरी संचालित की जाती है तो नगर निगम कोटा उत्तर एवं दक्षिण द्वारा लाइब्रेरी के भवन को सीज कर दिया जाएगा। बेसमेंट में संचालित लाइब्रेरी में से किसी में 5, किसी में 8, किसी में 12 से 15 बच्चे मिले। जो लाइब्रेरी में बैठकर कर पढ़ाई कर रहे थे। व्यास के अनुसार तीन टीमों ने 2 घंटे कार्रवाई की। जवाहर नगर में 4, राजीव गांधी नगर में 2, कोरल पार्क में 4, लैंडमार्क में 4 लाइब्रेरी बंद करवाई है। कार्रवाई में अग्निशमन अधिकारी अमजद खान, अग्निशमन अधिकारी अजहर खान, सहायक अग्निशमन अधिकारी सीता चोबदार सहित 20 स्टाफ़कर्मी मौजूद रहे।

# मौसमी बीमारियों से ग्रसित सैकड़ों मरीज उप जिला चिकित्सालय कपासन पहुंचकर ले रहे उपचार लाभ



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** बरसाती मौसम की शुरुआत के साथ क्षैत्र में मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप तले प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों को चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श के साथ उपचार प्रदान किया जा रहा है। जानकारी अनुसार उपखंड क्षैत्र कपासन में बरसाती मौसम की शुरुआत के साथ मौसमी बीमारियां पैर पसारने लगी है।क्षैत्र में मौसमी बीमारियों से ग्रसित सैकड़ों मरीज उप जिला चिकित्सालय कपासन पर चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श के साथ उपचार लाभ ले रहे है। उल्लेखनीय है कि मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कपासन डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा के निर्देशन में सोमवार को उप जिला चिकित्सालय कपासन पर डॉ. नितिन कलाल,डॉ. नरोत्तम पाल सिंह एवं डॉ. नीरज शर्मा द्वारा बुखार,सर्दी,झुकाम,सर दर्द,उल्टी, दस्त आदि मौसमी बीमारियों से ग्रसित सैकड़ों मरीजों को आवश्यक परामर्श के साथ उपचार प्रदान किया गया। इस दौरान डॉ. नितिन कलाल एवं डॉ. नरोत्तम पाल सिंह ने दैनिक बढ़ता राजस्थान के माध्यम से आमजन हेतु संदेश में कहाकी स्वच्छता एवं खानपान का विशेष ध्यान रखने सहित अपने घर एवं प्रतिष्ठानों के आसपास बारिश का पानी जमा नही होने देवे।साथ ही स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या पर अपने समीपवर्ती चिकित्सा केंद्र पर पहुंचकर चिकित्सकों से आवश्यक परामर्श के साथ उपचार लाभ लेवे।

# डॉ.दयाकृष्ण विजय की पुण्यतिथि पर काव्य गोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** 'श्री दयाकृष्ण विजय स्मृति एवं शोध संस्थान'की ओर से रविवार रात्रि को डॉ दयाकृष्ण विजय की तीसरी पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र हेमंत विजयवर्गीय के नयापुरा कोटा स्थित आवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें कोटा के कई वरिष्ठ साहित्यकारों नें भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि रामेश्वर शर्मा 'रामू भैया' संरक्षक-अखिल भारतीय साहित्य परिषद् -चित्तौड़ प्रांत ने की। विशिष्ट अतिथि रघुराज सिंह कर्मयोगी थे। कार्यक्रम में विष्णु शर्मा 'हरिहर' अध्यक्ष- अ. भा. सा.प. चित्तौड़ प्रांत, भगवत सिंह 'मयंक', योगीराज योगी, रघुनंदन हटीला, राम गोपाल गौतम, खुशीराम चौधरी, के.सी. राजपूत, राम शर्मा, कमलेश चौधरी 'कमल', आदि नें अपनी अपनी रचनाओं का पाठन किया एवं डॉ. विजय के बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। विचारगोष्ठी में सहभागियों नें बताया कि डॉ. विजय ने राजनीतिक क्षेत्र ही नहीं, बल्कि साहित्य के क्षेत्र में भी पूरे भारतवर्ष में अपने शहर कोटा का नाम रोशन किया।

## निम्बाहेड़ा में उद्योगों की डिमांड एवं भूमि की उपलब्धता पर रीको क्षेत्र के विस्तार पर सरकार करेगी विचार

# पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक कृपलानी ने प्रश्नकाल के दौरान सदन में रखी नए रीको क्षेत्र के विस्तार की मांग

बढ़ता राजस्थान




**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान सरकार के 16 वीं विधानसभा के बजट सत्र के अंतर्गत सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान निम्बाहेड़ा विधायक एवं पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री श्रीचंद कृपलानी ने निम्बाहेड़ा क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए नए रीको क्षेत्र के विस्तार को लेकर प्रश्न के माध्यम से मांग सदन में रखी।

प्रश्न के जवाब में उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि फिलहाल सरकार के पास निम्बाहेड़ा रीको क्षेत्र विस्तार को लेकर कोई प्रस्ताव नही है, ना ही 10 हेक्टेयर से अधिक सरकारी भूमि उपलब्ध है और ना ही किसी औद्योगिक संस्थान द्वारा कोई डिमांड की गई है। विभाग डिमांड और प्रस्ताव के आधार पर कार्यवाही करता है, अत: कोई प्रस्ताव आता है तो इस पर विचार किया जाएगा। विधायक कृपलानी ने मंत्री राठौड़ के जवाब पर पूरक प्रश्न के माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षण करते हुए बताया कि निम्बाहेड़ा औद्योगिक क्षेत्र को बने करीब 45 वर्ष का लंबा समय हो गया है, इसके बाद निम्बाहेड़ा क्षेत्र का आज तक कोई विस्तार नही हुआ है। कृपलानी ने बताया कि क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में लाइम स्टोन और पट्टी फर्शी की खदानें है, साथ ही यहां कई सीमेंट उद्योग स्थापित है। उन्होंने कहा कि निम्बाहेड़ा की पट्टी फर्शी का गुजरात, दक्षिण भारत सहित सम्पूर्ण देश ही नही अपितु विदेशों में भी निर्यात होता है, जिससे निम्बाहेड़ा क्षेत्र से करोड़ों रुपये की रॉयल्टी एवं जीएसटी भी पत्थर उद्योग से राज्य सरकार को देते हैं। कृपलानी ने सदन को अवगत करवाया कि क्षेत्र में निजी कॉलोनाइजरों द्वारा निजी कॉलोनियां काटकर भूखंड विक्रय किये जा रहे हैं। इस संबंध में कृपलानी ने पूछा कि क्या ऐसे ही नए रीको औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार करने का विचार विभाग रखता है ? इस पर मंत्री राठौड़ ने सदन में माना कि विधायक कृपलानी द्वारा बताए अनुसार निम्बाहेड़ा क्षेत्र का विगत करीब 45 वर्षों से कोई विस्तार नही हुआ है, यदि सदस्य द्वारा भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है तो विभाग नए औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार पर निश्चित रूप से विचार करेगा।

# लिखित समझौते के बाद काम पर लौटे जलदायकर्मी

## जलदाय इंजीनियर और कर्मचारियों की सेवाएं कॉर्पोरेशन में प्रतिनियुक्ति पर ली जाएंगी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** राजस्थान वॉटर सप्लाई एंड सीवरेज कॉरपोरेशन को क्रियाशील करने और जलदाय इंजीनियरों और कर्मचारियों की सेवा शर्तें बदलने के विरोध में जलदाय संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से चल रहा आंदोलन मांगे माने जाने के लिखित आदेश के बाद समाप्त हो गया है। समिति से जुड़े आंदोलनकारी कर्मचारी और पदाधिकारी काम पर लौट आए हैं। जलदाय सचिव डॉ. समित शर्मा की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जलदाय इंजीनियर और कर्मचारियों की सेवाएं कॉर्पोरेशन में प्रतिनियुक्ति पर ली जाएंगी। इसके लिए एक्ट में प्रावधान के लिए संशोधन किया जाएगा। संघर्ष समिति के संयोजक डीपी चौधरी ने बताया कि रविवार से जलदाय इंजीनियर और कर्मचारी पेयजल व्यवस्था का जिम्मा संभाल रहे हैं। सोमवार से ऑफिस में भी कार्य सुचारू हो गया है। जलदाय सचिव की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अभियंताओं एवं कार्मिकों की सेवाएं पूर्व की भांति राजस्थान सेवा नियमों एवं अन्य संबंधित प्रावधानों के अंतर्गत ही जारी रहेंगी। अभियंताओं एवं कार्मिकों को पद समाप्त नहीं किए जाएंगे। निगम में अभियंताओं एवं कार्मिकों की सेवाएं प्रतिनियुक्ति पर ली जाएंगी। वही सीवरेज निगम एक्ट में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी के विभाग के अधीन अभियंता एवं कार्मिकों की सेवाएं सर प्लस घोषित कर निगम के अधिकारी व कार्मिक बनाए जाने के प्रावधान को निरस्त किया जाएगा।

# वेस्ट से बेस्ट : बच्चों ने किया प्लास्टिक का सदुपयोग, घर में पड़ी खाली बोतलों में उगाए पौधे



बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** जेसीआई कोटा स्टार जूनियर विंग के बच्चों ने बेकार पड़ी 25 बोतलों में पौधे उगाकर सदुपयोग किया है। अध्यक्ष रवि गर्ग व चेयरपर्सन दीप्ती गर्ग ने बताया कि अपने घरों में पानी बोतल व कोल्ड ड्रिंक लाते हैं खाली होने के बाद इन्हें फेंक देते हैं। जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं। इन बोतलों में पौधे उगाकर प्लास्टिक की बोतल का सदुपयोग किया जा सकता है। वहीं पौधा लगाकर पर्यावरण भी संरक्षित होगा। इससे घर की सुंदरता बढ़ा सकते हैं। सचिव मनीष गुप्ता ने बताया कि बच्चे करीब 25 पौधे लगाकर लाए व लोगों को बांटा गया।

संस्था की चेयरपर्सन दीप्ती गर्ग ने बच्चों से कहा कि प्लास्टिक कचरा एक समस्या बना हुआ है। अगर हम हमारा दृष्टिकोण बदलें तो इससे हम उपयोगी वस्तुएं बना सकते हैं। जिससे यह हमारे लिए वेस्ट से बेस्ट में बदल सकते हैं। इसके अलावा हम अपने आस पास के लोगों से खाली बोतलें लेकर उसमें मिट्टी डालकर पौधे लगाऐं तथा इन पौधों को लगातार बच्चों की तरह सम्भालते रहें। ताकि पौधा खराब न हो। इस अवसर पर कार्यक्रम निदेशक तनुज रितु खण्डेलवाल, राजकुमार अर्पिता मित्तल एवं अमित शिल्पी जैन ने बताया कि इसमें प्रिषा अग्रवाल, मितुल जैन, सिद्धि सोनी, नव्या बंसल, तिविश अग्रवाल, वंश सोनी को व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन, पूर्व अध्यक्ष पवन चित्तौडा, नवीन डागा, संजय गोयल, राजकुमार अग्रवाल, जितेंद्र गोयल, पवन गुप्ता द्वारा पुरस्कृत किया गया। सचिव मनीष गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष आशीष जैन, सौरभ जैन, श्रेणीक बाफना, विशाल रस्तोगी, मोहित जैन व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# छत के रास्ते घुसकर किराणा की दुकान में चोरी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर के नांता इलाके में बदमाशों ने एक दुकान में सेंध लगाई है। बदमाश छत के रास्ते दुकान के अंदर घुसे और तीन गेट को तोड़कर काजू, बादाम, गुटखा, सिगरेट चोरी कर ले गए। दुकानदार ने सुबह दुकान खोली तो सारा सामान बिखरा मिला। दुकानदार प्रहलाद के अनुसार पुराने गढ़ के पीछे भूरिया गणेश जी के पीछे गोदाम बना रखा है। गोदाम में किराने की दुकान भी लगा रखी है। रात साढ़े 10 बजे दुकाज दुकान मंगल करके गए थे। देर रात अज्ञात बदमाश छत की पिंजरी को तोड़कर अंदर आए। फिर तीन जगहों के गेट तोड़ दिए। बदमाश दुकान में रखे काजू, बादाम, गुटका, सिगरेट सहित गल्ले में रखी 2-4 हजार की नगदी ले गए। सुबह 6 बजे दुकान खोली तो अंदर की लाइट जली हुई थी। सारा सामान इधर उधर बिखरा हुआ था।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# जयपुर में जलमहल की पाल पर मिला बम!

## ब्लैक कलर के बैग में था रखा, 2 घंटे हुई मॉकड्रिल के दौरान डिफ्यूज किया गया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में जलमहल की पाल पर सोमवार शाम बम मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। जयपुर नॉर्थ के आलाधिकारियों सहित आमेर सर्किल थाना पुलिस, बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड टीम ने तुरंत मोर्चा संभाला। 2 घंटे सर्च ऑपरेशन के दौरान ब्लैक कलर के बैग में रखे बम को डिफ्यूज किया गया। जिला प्रशासन की ओर से मॉकड्रिल करने का पता चलने पर स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। एसीपी (आमेर) शिवरतन गोदारा ने बताया– शाम करीब 4 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से जलमहल की पाल पर बम होने की सूचना मिली। बम की सूचना पर जयपुर नॉर्थ पुलिस अधिकारी सहित आमेर सर्किल थानों का पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस दल के साथ ही सुरक्षा एजेंसियों भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस की अचानक गतिविधि को देखकर राहगीरों और आस–पास के लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने बम स्क्वायड व डॉग स्क्वायड टीम की मदद से तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू किया। जलमहल की पाल पर बने ब्लॉक में ब्लैक कलर का बैग रखा मिला। बम स्क्वायड की टीम ने बैग को खोलकर उसमें रखा बम डिफ्यूज किया। सुरक्षा एजेंसियों ने करीब 2 घंटे सर्च ऑपरेशन चलाकर बम डिफ्यूज किया। जिला प्रशासन की ओर से मॉकड्रिल कर टाइम रिस्पॉन्स नोट किया गया। बम होने की सूचना के मॉकड्रिल होने का पता चलने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

## सरकारी स्कूलों में मनाई जाएगी वीर सावरकर जयंती, धारा 370 हटाने का भी उत्सव होगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** राजस्थान सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के जश्न को, जिसने जम्मू–कश्मीर से उसका अर्ध–स्वायत्त दर्जा छीन लिया था, स्वर्णमुकुट दिवस के रूप में, हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर और 16वीं सदी के मेवाड़ शासक महाराणा प्रताप के जन्मदिन को शामिल किया है। वार्षिक स्कूल कैलेंडर में, एक ताजा राजनीतिक विवाद छिड़ गया। माध्यमिक विद्यालय शिक्षा विभाग ने रविवार को कैलेंडर प्रकाशित कर दिया. इसमें कहा गया है कि सावरकर जयंती 28 मई और महाराणा प्रताप जयंती 29 मई को मनाई जाएगी। इससे पहले, 9 जुलाई को प्रकाशित प्राथमिक स्कूल शिक्षा के वार्षिक कैलेंडर में, विभाग ने राम मंदिर अभिषेक का उत्सव जोड़ा था।

अपने विभाग का कार्यभार संभालने के बाद, 26 फरवरी को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में सावरकर की भूमिका इतिहास में गलत तरीके से लिखी गई है। उन्होंने मुगल साम्राज्य के अकबर की भूमिका का महिमामंडन किया है जो एक बलात्कारी था। उन्होंने महाराणा प्रताप के चरित्र को भी विकृत किया है। कांग्रेस प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने कहा कि यह हिंदुत्व प्रचार के अनुरूप स्कूली शिक्षा का सरासर राजनीतिकरण है। हमारे छात्र क्या सीखेंगे स्कूली पाठ्यपुस्तकों में आमतौर पर हमारे इतिहास में महान नेताओं की भूमिकाएँ शामिल होती हैं। भाजपा उन्हें सावरकर के बारे में पढ़ाना चाहती है जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के बजाय उनसे माफी मांगी थी। शिक्षा मंत्री को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि इस क्षेत्र का विकास कैसे किया जाए और इसलिए वह प्रणाली में कोई और मूल्य जोड़ने के बजाय लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

## विधानसभा में राजा भैया ने योगी के पैर छुए

### शिवपाल बोले- केशव को झुनझुना पकड़ाया

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा का मानसून सत्र का सोमवार को पहला दिन था। सुबह सत्र शुरू होने के 10 मिनट बाद सपा विधायकों ने हंगामा कर दिया। विधायक तख्तियां लेकर वेल तक पहुंच गए। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किसी तरह से उन्हें शांत कराया। सीएम योगी जैसे ही विधानसभा पहुंचे, कई भाजपा विधायक उनके पास आए और पैर छूकर आशीर्वाद लिया। कुंडा से विधायक राजा भैया भी सीएम योगी के पास पहुंचे। उनका हालचाल जाना। फिर पैर छूकर आशीर्वाद लिया। उधर, विधानसभा में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और सपा विधायक रागिनी सोनकर के बीच तकरार देखने को मिली। रागिनी ने कहा– आज हमारे डॉक्टर ही बीमार हो रहे, यह शर्मनाक है। जवाब में ब्रजेश पाठक ने कहा– सपा भ्रष्टाचार की जननी है। आज लोगों को फ्री में इलाज मिल रहा है। सपा विधायक संग्राम सिंह ने सदन में कहा– मुख्यमंत्री जी डांटते हैं। जैसे हम खुद के लिए कुछ कह रहे हैं। सदन के बाहर शिवपाल यादव ने कहा– केशव प्रसाद मौर्य बड़बोले नेता हैं। उनसे उनका विभाग नहीं संभल रहा। मुख्यमंत्री ने उनको झुनझुना पकड़ा दिया है।

## राजस्थान में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़े: गहलोत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को आरोप लगाया कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने के बाद से अनुसूचित जाति एवं जनजाति के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़े हैं तथा मुख्यमंत्री को इन मामलों का संज्ञान लेकर दलितों एवं आदिवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

शेरगढ़ में हुई एक घटना की खबर साझा करते हुए गहलोत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, राजस्थान में हमारी सरकार के दौरान अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर त्वरित कार्रवाई की जाती थी एवं पुलिस हमेशा पीड़ित पक्ष के साथ मजबूती से खड़ी दिखती थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बदलने के बाद से ही प्रदेश में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के खिलाफ अपराधों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि दलितों एवं आदिवासियों के विरुद्ध अपराधों में दिसंबर 2023 की तुलना में 2024 के जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई और जून में क्रमश: 32.7 फीसदी, 33.7 प्रतिशत, 34.1 फीसदी, 19.5 प्रतिशत, 62.5 फीसदी एवं 53.37 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

# संसद में राहुल गांधी का 46 मिनट का भाषण

## महाभारत के चक्रव्यूह की चर्चा, अडाणी-अंबानी पर हंगामा, निर्मला ने सिर पकड़ा...

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** संसद सत्र के छठे दिन सोमवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बजट की तुलना महाभारत के चक्रव्यूह से की। राहुल ने कहा– हजारों साल पहले कुरुक्षेत्र में अभिमन्यु को चक्रव्यूह में फंसाकर 6 लोगों ने मारा था। चक्रव्यूह का दूसरा नाम है– पद्मव्यूह, जो कमल के फूल के शेप में होता है। इसके अंदर डर और हिंसा होती है। 21वीं सदी में एक नया चक्रव्यूह रचा गया है– वो भी कमल के फूल के रूप में तैयार हुआ है। इसका चिह्न प्रधानमंत्री अपने सीने पर लगाकर चलते हैं। अभिमन्यु के साथ जो किया गया, वह भारत के साथ किया जा रहा है। आज चक्रव्यूह के बीच में 6 लोग हैं। ये 6 लोग– नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत, अजित डोभाल, अडाणी और अंबानी हैं।

### किसान एमएसपी पर गारंटी मांग रहे, आप 3 काले कानून ले आए

राहुल ने कहा– किसान आपसे एमएसपी की लीगल गारंटी की मांग कर रहे हैं। आपने उनको बॉर्डर पर रोक रखा है। किसान मुझसे मिलने यहां आना चाहते थे। आपने उनको यहां आने नहीं दिया आपने किसानों के लिए क्या किया, तीन काले कानून लाए। इस पर स्पीकर ने कहा कि सदन में गलत ना बोलें।

### जिनके पास देश का बिजनेस, उन पर बोलने से रोकना मंजूर नहीं

कांग्रेस सांसद बोले– ये जो दो लोग (अंबानी–अडाणी) हैं, ये हिंदुस्तान के इंफ्रास्ट्रक्चर को और बिजनेस को कंट्रोल करते हैं। इनके पास एयरपोर्ट्स हैं, टेलीकॉम हैं, अब रेलवे में जा रहे हैं। इनके पास हिंदुस्तान के धन की मोनोपॉली है। अगर आप कहो कि इनके बारे में नहीं बोल सकते तो ये हमें स्वीकार नहीं है। हमें तो बोलना है।



### फोटो दिखाकर कहा- देश में 73% पिछड़े-दलित, इन्हें कहीं जगह नहीं

नेता प्रतिपक्ष ने बजट की हलवा सेरेमनी का फोटो दिखाते हुए कहा कि इसमें एक भी आदिवासी, दलित या पिछड़ा अफसर नहीं दिख रहा है। 20 अफसरों ने बजट तैयार किया। आपने एक माइनॉरिटी और एक ओबीसी को रखा, बाकी को तो फोटो में आने ही नहीं दिया। देश में तकरीबन 73 फीसदी दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के लोग हैं, लेकिन इनको कहीं जगह नहीं मिलती।


### स्पीकर से बोले- क्या अंबानी-अडाणी को ए1, ए2 कह सकता हूं

राहुल की स्पीच में चक्रव्यूह के 6 किरदारों के जिक्र पर सत्तापक्ष के सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर ने उन्हें टोकते हुए कहा– जो सदन का सदस्य नहीं है, उसका नाम नहीं जाना चाहिए। इस पर राहुल ने कहा कि आप कहते हैं तो एनएसए, अंबानी और अडाणी का नाम निकाल देता हूं। फिर राहुल ने पूछा– क्या इन्हें ए1, ए2 कह सकता हूं।

### बजट के जरिए मिडिल क्लास की पीठ और छाती में छुरी मारी

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बजट से पहले मिडिल क्लास प्रधानमंत्री को सपोर्ट करता था। कोविड के समय जब थाली बजाने को कहा तब मिडिल क्लास ने थाली बजाई। आपने कहा कि मोबाइल फोन की लाइट जलाओ तो जलाई, लेकिन आपने मिडिल क्लास की पीठ में और छाती में छुरी मारी। अब मिडिल क्लास आपको छोड़ने जा रहा है और इधर आ रहा है।

## राहुल गांधी पर राजनाथ का पलटवार, बोले- अग्निवीरों को लेकर देश को गुमराह करने की हो रही कोशिश



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के एक बयान पर कड़ी आपत्ति जताई, जहां गांधी ने दावा किया था कि युवाओं को अग्निवीर चक्रव्यूह में फंसा दिया गया है और सरकार ने अग्निवीरों के लिए पेंशन के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया है। विपक्षी नेता के भाषण के बाद लोकसभा में एक बयान में रक्षा मंत्री ने गांधी के दावों पर आपत्ति जताई और कहा कि योजना के संबंध में देश को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। सिंह ने विपक्षी नेता के अनुरोध पर सदन के समक्ष अग्निवीर पर एक विस्तृत बयान देने की इच्छा व्यक्त की। राजनाथ ने इस दौरान साफ तोर पर कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने बजट से संबंधित जो भी भ्रांतियां पैदा की हैं, उस पर वित्त मंत्री जवाब देते समय बात करेंगी। मेरा मानना है कि बजट को लेकर कई भ्रांतियां पैदा की गई हैं। सिंह ने कहा, ''देश की सुरक्षा का मुद्दा संवेदनशील मुद्दा है। सेना से जुड़े अग्निवीरों को लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। जब भी आपका (लोकसभा अध्यक्ष) आदेश होगा मैं अग्निवीरों को लेकर अपना बयान देने के लिए तैयार हूं।'' इससे पहले राहुल गांधी ने कहा कि रक्षा मंत्री ने पहले भी कहा था कि एक 'शहीद' अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया। कांग्रेस नेता ने कहा, ''उनकी बात गलत थी। उस परिवार को बीमा दिया गया था, मुआवजा नहीं। यह सच है। इसे कोई नकार नहीं सकता।'' राहुल गांधी के भाषण के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को सदन के नियमों के बारे में पता होना चाहिए और उन्हें सदन की कार्य प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए।

## केजरीवाल की जमानत पर फैसला सुरक्षित

## सीबीआई ने हाईकोर्ट से कहा- दिल्ली सीएम शराब घोटाले के असली सूत्रधार



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में सोमवार (29 जुलाई) को अरविंद केजरीवाल की सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका और अंतरिम जमानत की याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने आज भी इस मामले में फैसला सुरक्षित रखा है। सीबीआई की ओर से विशेष वकील डीपी सिंह पैरवी की। वहीं, केजरीवाल की ओर से एन हरिहरन और अभिषेक मनु सिंघवी दलीलें रखीं। सीबीआई ने कहा कि केजरीवाल ही दिल्ली शराब नीति केस के असली सूत्रधार हैं। उनकी गिरफ्तारी के बिना मामले की जांच नहीं की जा सकती थी। एक महीने के भीतर हमने चार्जशीट दाखिल कर दी। दिल्ली हाईकोर्ट ने 17 जुलाई की सुनवाई में भी केजरीवाल की गिरफ्तारी और अंतरिम जमानत की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा था। वहीं, सीबीआई ने केजरीवाल के खिलाफ स्पेशल सीबीआई कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है।

# राजस्थान के 5 जिलों में चांदीपुरा वायरस के लिए अलर्ट

## गुजरात से सटे जिलों के सभी सीएमएचओ सर्वे करवाने के निर्देश, जयपुर में चार सैंपल की रिपोर्ट नेगेटिव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** गुजरात से सटे जिलों में इन दिनों चांदीपुरा वायरस का खतरा बढ़ गया है। यहां पिछले कुछ दिनों से डूंगरपुर, उदयपुर के एरिया में पॉजिटिव केस मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने पांच जिलों के सीएमएचओ को अलर्ट भेजा है। इन सीएमएचओ को संदिग्ध एरिया में लगातार मॉनिटरिंग करने और सर्वे करवाने के निर्देश दिए हैं।

वहीं, एसएमएस मेडिकल कॉलेज में भी इसकी जांच शुरू हो गई है। जयपुर में अब तक इसके चार संदिग्ध मरीजों की जांच की जा चुकी है, लेकिन अच्छी बात ये है कि इन सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। हेल्थ डिपार्टमेंट के कार्यवाहक स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने बताया– इस महीने चांदीपुरा वायरस के पॉजिटिव केस मिलने के बाद से अब तक 13 संदिग्ध मरीजों के सैंपल सीमावर्ती जिलों से पुणे भिजवाएं है, जिनमें से 1 की रिपोर्ट कल पॉजिटिव आई। पॉजिटिव आया तीन साल का ये बच्चा अभी डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल में भर्ती है। उसकी तबीयत अब ठीक है। वहीं, 8 संदिग्धों की रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है। शेष की रिपोर्ट आना अभी बाकी है। डॉ. शर्मा ने बताया– डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर, जालोर, सिरोही जिलों के सीएमएचओ को विशेष रूप से एक्टिव रहने के निर्देश दिए हैं। क्योंकि इन जिलों में ही सबसे ज्यादा इस वायरस के फैलने की आशंका है।




### मक्खी, मच्छर के काटने से फैलने की आशंका ज्यादा


जयपुर एसएमएस मेडिकल कॉलेज में पीडियाट्रिक डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर प्रियांशु माथुर ने बताया– ये वायरस सबसे ज्यादा मच्छर और मच्छी के काटने से फैलता है। अभी इसका खतरा फिलहाल गुजरात से लगते जिलों में है। क्योंकि इस समय इस वायरस के सबसे ज्यादा केस गुजरात में आ रहे है। इस केस में बच्चे के एकदम से तेज बुखार तो आता ही है साथ में उल्टी–दस्त की शिकायत आती है। इसके अलावा बच्चों में अचानक बेहोश होने और दौरे पड़ने की भी स्थिति आती है। डॉ. माथुर ने बताया– इस वायरस की मोर्टेलिटी रेट (मृत्यु दर) भी 20 से 40 फीसदी के बीच है, जो बहुत ज्यादा है। जयपुर में इस तरह के लक्षण वाले बच्चों जो जे.के. लोन हॉस्पिटल में आ रहे है। उनकी डॉक्टर मॉनिटरिंग कर रहे है।

## दिल्ली कोचिंग हादसा, गृह मंत्रालय ने जांच कमेटी बनाई

### 30 दिन में जांच रिपोर्ट सौंपेगी; मृतकों के परिवारों को 10 लाख मुआवजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राउ IAS कोचिंग सेंटर के बेसमेंट हादसे की जांच के लिए सोमवार (29 जुलाई) रात 8.30 बजे केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 5 सदस्यीय कमेठी का गठन किया। यह 30 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इसमें हादसे के कारण, हादसे के लिए जिम्मेदारों का जिक्र होगा। साथ ही ऐसे हादसों से बचने के उपाय और नीति में बदलाव की सिफारिश भी होगी। कमेटी में केंद्रीय गृह मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, प्रमुख सचिव (गृह), दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी, अग्निशमन सलाहकार और केंद्रीय गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव कन्वीनर के तौर पर हैं। वहीं, बेसमेंट हादसे में जिन स्टूडेंट्स की जान गई है, उनके परिवारों को 10 लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा। दिल्ली स्न कार्यालय ने यह जानकारी दी है। बेसमेंट हादसे के मामले में म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली ने एक्शन लेते हुए एक जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त और एक असिस्टेंट इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया है।

## जम्मू आधार शिविर से 1,800 से अधिक तीर्थयात्री अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुए



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** जम्मू में आधार शिविर से सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच 1,800 से अधिक तीर्थयात्री दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अब तक 4.55 लाख से अधिक तीर्थयात्री बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। यह संख्या पिछले साल की तुलना में अधिक है। पिछले साल 4.5 लाख तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में बर्फ से निर्मित शिवलिंग के दर्शन किए थे।

अधिकारियों ने कहा कि तड़के 3:22 बजे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सुरक्षा में 62 वाहनों में 1,832 तीर्थयात्रियों का 32वां जत्था भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ।

उन्होंने कहा कि समूह में 1,358 पुरुष, 363 महिलाएं और 109 साधू व साध्वी हैं। 1,263 तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे मार्ग से होते हुए वार्षिक तीर्थयात्रा के लिए पहलगाम पहुंचेंगे जबकि 569 ने गांदरबल जिले में छोटे यानी 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग को चुना है।

अधिकारियों ने बताया कि 28 जून को जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा जम्मू से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किये जाने के बाद से अब तक कुल 1,38,816 तीर्थयात्री यहां आधार शिविर से वार्षिक तीर्थयात्रा पर रवाना हो चुके हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
[M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
[M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)